आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

# यश भारत

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

● वर्ष- 16 अंक 25- ● जबलपुर ● शुक्रवार, 25 फरवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-9 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

# रूसी हमले तेज, कीव में घुसी सेना


यूक्रेन की सेना ने दावा किया कि उसने खार्कीव में एक रूसी सैनिक को मार गिराया है।




यूक्रेन के सीमाई इलाकों में बमबारी के दौरान मारा गया यूक्रेनी नागरिक। पास ही शोक मनाता परिजन।

**मास्को/ कीव/ वाशिंगटन ।** रूस-यूक्रेन की लड़ाई गंभीर हो गई है।यूक्रेन की राजधानी कीव में शुक्रवार सुबह कई धमाके सुने गए। रूसी सेना द्वारा यूक्रेन पर किए गए हमले में बहुत से लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। रूस ने यूक्रेन में जबरदस्त तबाही मचाई है। इस बीच अमेरिकी सुरक्षा अधिकारियों ने आशंका जताई है कि, अगले 96 घंटों में कीव पर रूस का कब्जा हो सकता है। वहीं एक सप्ताह के अंदर सरकार भी गिराई जा सकती है। खबरों के मुताबिक, यूक्रेन की राजधानी कीव में शुक्रवार सुबह चार बजे( स्थानीय समयानुसार) से रूस के हमले शुरू हो गए। कीव में आसमान से आग बरसती हुई दिखाई दी। सुबह-सुबह कई जगहों पर तेज धमाकों की आवाज सुनाई दी। इसके अलावा यूक्रेन के कोनोटोप को रूस की सेना ने चारों तरफ से घेर लिया है। रूस ने एक बार फिर से यूक्रेन के सैनिकों को हथियार डालने की चेतावनी दी है। हालांकि, यूक्रेन ने आत्मसमर्पण से इंकार कर दिया है। इसके बाद रूस ने राजधानी कीव पर एयर स्ट्राइक कर दी है। कीव के रिहायशी इलाकों में लगातार छह धमाके हुए हैं।

## यूक्रेन का दावा

### 800 से ज्यादा रूसी सैनिक मारे, 30 टैंक और 7 जासूसी एयरक्राफ्ट भी तबाह किए

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के पूरी सेना को युद्ध में उतारने का ऐलान किया है। यूक्रेन ने दावा किया है कि उनकी फोर्सेस ने 800 से ज्यादा रूसी सैनिकों को मार गिराया है। 30 रूसी टैंक और 7 जासूसी एयरक्राफ्ट को भी तबाह कर दिया है।

### सतर्क रहे कीव के लोग

रूसी सेनाएं कीव में दाखिल हो चुकी हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने वीडियो संदेश में यह जानकारी दी है। उन्होंने यहां के लोगों से सतर्क रहने और कर्फ्यू नियमों का पालन करने की अपील की है। यूक्रेन से भागकर पड़ोसी देश पोलैंड में डेरा डाल रहे लोग यूक्रेन के शरणार्थियों ने गुरुवार को रूस के आक्रमण से भागने के बाद पड़ोसी देश पोलैंड के एक रेलवे स्टेशन पर रात भर डेरा डाला। यूक्रेनियन अपने देश से भागकर पड़ोसी देश पोलैंड में प्रवेश कर रहे हैं, अधिकतर लोग कार से यात्रा कर रहे हैं। रूसी आक्रमण के मद्देनजर इस क्षेत्र में संभावित शरणार्थी संकट को लेकर आशंकाएं बढ़ रही हैं।


यूक्रेन की राजधानी कीव में युद्ध से दुखी एक बुजुर्ग। ऊपरवाले से इस संकट में मदद की प्रार्थना करती हुईं।

## ढीले पड़े यूक्रेन के राष्ट्रपति के तेवर, सब खत्म हो उससे पहले प्लीज वार्ता कर ले पुतिन

### जेलेंस्की का छलका दर्द-

हमें अकेला छोड़ दिया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि उनके देश को रूस से लड़ने के लिए अकेला छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि हर कोई डर रहा है। हमारे साथ लड़ने के लिए कोई नहीं खड़ा है। यूक्रेन सरकार ने 18 से 60 साल के पुरुषों के देश छोड़ने पर रोक लगा दी है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि यूक्रेन ने अपने 10 हजार नागरिकों को मुकाबले के लिए राइफलें दी हैं। वहीं, जेलेंस्की ने कहा है कि पहले दिन की लड़ाई में कुल 137 लोगों की जान गई है। वहीं, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन पर रूस के हमले से पैदा हुई स्थिति के मद्देनजर गुरुवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात कर तत्काल हिंसा रोकने की अपील की तथा सभी पक्षों से कूटनीतिक बातचीत और संवाद की राह पर लौटने के ठोस प्रयास करने का आह्वान किया। इस दौरान पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी को यूक्रेन से संबंधित हालिया घटनाक्रम से अवगत कराया।


यूक्रेन पर हमले के खिलाफ प्रोटेस्ट में शामिल बच्चा, जिसने पुतिन को हत्यारा बताने वाला पोस्टर हाथ में ले रखा है।

## जबरदस्त तबाही

### रूस ने यूक्रेन पर की एयर रेड, लगातार छह धमाकों से दहली राजधानी कीव

### रूस ने क्रूज मिसाइल से उड़ाया जेट

कीव पर कब्जे के लिए रूस के हमले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। रूसी फौज सुबह चार बजे से यहां मिसाइल हमले कर रही है। अब खबर आ रही है कि राजधानी कीव में रूसी क्रूज मिसाइल ने यूक्रेन के स्ह्व27 जेट को मार गिराया है। इस बीच, युद्ध के दूसरे दिन यूक्रेन के लिए बुरी खबर आई। अमेरिका और नाटो देशों ने यूक्रेन में सेना भेजने से इन्कार कर दिया है। इसके बाद , यूक्रेन के राष्टपति के ताजा बयान से जंग जल्द खत्म होने की उम्मीद बढ़ी है। राष्टपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने अपने ताजा बयान में झुकने के संकेत दिए हैं। राष्टपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि हम रूस से वार्ता को तैयार हैं। गुजारिश करते हैं कि सब कुछ खत्म हो, इससे पहले रूस राष्ट्रपति वार्ता के लिए तैयार हो जाएं। अब रूस के जवाब की पूरी दुनिया को प्रतीक्षा है।। हमले के बीच रूस की सेना ने दावा किया है कि यूक्रेन के सैनिक अपने हथियार डाल रहे हैं। ञ्जस्स् का दावा है कि यूक्रेनी सशस्त्र बलों के सैनिक प्रमुख स्थानों से पीछे हट रहे हैं।यूक्रेन की राजधानी कीव में हालात बिगड़ते ही जा रहे हैं। इस बीच यूक्रेन ने दावा किया है कि, उसने रूस के दो और एयरक्राफ्ट मार गिराए हैं। उसका दावा है कि, उसने रूसी सेना को बहुत नुकसान पहुंचाया है।



## हम आपके रुख से निराश हैं

### यूक्रेन के आरोपों पर भारत का जवाब; अमेरिका ने भी की बात

**नई दिल्ली ।** रूस के हमले को लेकर भारत के स्टैंड पर यूक्रेन ने गुरुवार को असंतोष जाहिर किया था। देश में यूक्रेन के राजदूत इगोर पोलिखा का कहना था कि हम भारत के स्टैंड से बेहद निराश हुए हैं। हमें उम्मीद थी कि भारत हमारा पक्ष ज्यादा मजबूती के साथ रखेगा। पोलिखा का कहना था कि भारत का अंतरराष्ट्रीय राजनीति में बड़ा कद है और हम पीएम नरेंद्र मोदी से उम्मीद करते हैं कि वे इस मामले में दखल दें। उनके रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से अच्छे रिश्ते हैं। हालांकि उनकी टिप्पणी का भारत की ओर से तत्काल जवाब दिया गया और यूक्रेनी राजदूत के आरोपों को खारिज कर दिया गया।विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा कि जो हालात पैदा हुए हैं, उसमें भारत भी एक पक्ष है। हमारी अर्थव्यवस्था पर भी इसका प्रभाव पड़ेगा और बड़ी संख्या में हमारे छात्र भी यूक्रेन में मौजूद हैं। क्या एक नया वर्ल्ड ऑर्डर तैयार हो रहा है? इस सवाल पर हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा कि चीजें बदल रही हैं और अपने राष्ट्रीय हितों को साधने के लिए भारत सभी प्रयास करेगा।

## अब शिवसेना नेता के घर केंद्रीय जांच एजेंसी ने दी दस्तक

### यशवंत जाधव से आयकर विभाग की पूछताछ

**मुंबई ।** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता नवाब मलिक की गिरफ्तारी के बाद अब केंद्रीय जांच एजेंसी ने शिवसेना नेता यशवंत जाधव के घर दस्तक दी है। कल ही उनकी पत्नी ने नवाब मलिक की गिरफ्तारी के खिलाफ आयोजित विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया था।मुंबई नगर निगम की स्थायी समिति के अध्यक्ष और शिवसेना नेता यशवंत जाधव के मझगांव स्थित आवास पर शुक्रवार सुबह आयकर अधिकारियों ने छापेमारी की। आयकर विभाग के अधिकारी सीआरपीएफ जवानों के साथ आज सुबह यशवंत जाधव के घर पहुंचे। फिलहाल उनके घर पर दस्तावेजों की जांच की जा रही है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यशवंत जाधव से किस मामले में पूछताछ की जा रही है।




### सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से कहा

## बिटक्वाइन को लेकर स्पष्ट रुख अपनाएं, बताएं यह वैध है या अवैध

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से यह स्पष्ट करने को कहा है कि भारत मे बिटकॉइन वैध है या नहीं। 2018 में सामने आए बिटकॉइन फ्रॉड के एक मामले के आरोपियों को जांच में सहयोग करने का निर्देश देते हुए कोर्ट ने यह सवाल पूछा है। 4 हफ्ते बाद मामले की अगली सुनवाई होगी। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने 1 फरवरी 2022 को पेश किए गए आम बजट में बिटक्वाइन समेत अन्य क्रिप्टोकरेंसी से होने वाली आय पर 30 फीसदी टैक्स लगाने की घोषणा की थी। इसके साथ ही किसी भी प्रकार के क्रिप्टो असेट के ट्रांजैक्शन पर एक फीसदी टीडीएस लगाने का एलान किया गया था।

## बराकर नदी में पलटी नाव, 16 डूबे

**रांची ।** झारखंड के जामताड़ा जिले में बड़ा हादसा हुआ है। बराकर नदी में नाव पलटने से 16 से ज्यादा लोगों डूब गए हैं। हादसा जामताड़ा के वीरगांव और श्यामपुर घाट के नजदीक हुआ। पुलिस-प्रशासन राहत एवं बचाव अभियान चला रही है। डूबने वालों की संख्या बढ़ सकती है। नाव पर दो दर्जन से ज्यादा लोग सवार थे। सभी मजदूर बताए जाते हैं।ये हादसा बरबिंदिया-श्यामपुर-वीरगांव नदी के घाट पर हुआ।

### रूस-यूक्रेन वार से महंगाई बढ़ेगी बेशुमार

## पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने को मजबूर होंगी कंपनियां

**नई दिल्ली।** यूक्रेन संकट का भारत पर तात्कालिक असर कच्चे तेल के ऊंचे दामों पर देखने को मिल सकता है। कच्चे तेल के दाम बढ़ेंगे तो उससे तेल कंपनियों का घाटा बढ़ता जाएगा और आने वाले दिनों में वो पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने को मजबूर हो जाएंगी। एक बार ये दाम बढ़े तो उसका असर बढ़ती महंगाई के तौर पर चौतरफा देखने को मिलेगा।आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ और पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग के मुताबिक पेट्रोल के दाम बढ़ने का असर व्यक्तिगत तौर पर गाड़ी इस्तेमाल करने वालों पर ही पड़ेगा। वहीं डीजल के दाम ट्रांसपोर्टेशन को महंगा बनाएंगे। इससे हर उस चीज के दाम में इजाफा होना तय है, जिनके उत्पादन के कच्चे माल को और फिर अंतिम उत्पाद की डिलिवरी में ट्रांसपोर्टेशन का इस्तेमाल होता है। यानि तकरीबन हर तरफ इसका असर दिख सकता है।भारत अपनी तेल जरूरतों के अधिकांश हिस्से के लिए आयात पर ही निर्भर रहता है। तेल की बढ़ी कीमतें भारतीय अर्थव्यवस्था को काफी प्रभावित कर सकती हैं। भारत का आयात बिल भी बढ़ जाएगा जो देश के आर्थिक हालात पर भी आसर डालेगा।



### 10 रुपए तक बढ़ सकती है पेट्रोल डीजल की कीमत

नई दिल्ली। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के चलते देश में पेट्रोल और डीजल के दाम में 10 रुपए तक की बढ़ोतरी हो सकती है। मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को क्रूड आयल की कीमत 6.28 डॉलर बढ़कर 102.80 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया, वहीं दूसरी ओर ङ्खञ्जढ्ढ की कीमत 5.74 डॉलर की तेजी के साथ 98.84 डॉलर पहुंच गई। आपको बता दें साल सितंबर 2014 के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि कि विश्व में कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच हो।





# मुख्यमंत्री-पूर्व मंत्री में गुफ्तगू

## डुमना विमानतल पर कुछ देर रुकने के बाद रवाना हुए सीएम

**मांझी समाज की समस्याओं से कराया अवगत**

जबलपुर, यशभारत। अल्प प्रवास में जबलपुर पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व मंत्री मोती कश्यप के बीच हुई चर्चा को लेकर अटकलें तेज हो गई। हालांकि पूर्व मंत्री मोती कश्यप का कहना है कि समाज की समस्याओं को लेकर उनसे मिलने पहुंचा था और ऐसी कोई बात नहीं है। परंतु पार्टी के अंदरखानों में अलग ही चर्चा है। पूर्व मंत्री के परिवार में हुई एक घटना से इस मुलाकात को जोड़ा जा रहा है।मालूम हो कि भोपाल से शहडोल जाते वक्त अल्प प्रवास पर डुमना विमानतल आये मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मन्त्री ओमप्रकाश सकलेचा के साथ शुक्रवार दोपहर करीब 12.30 बजे वायुयान द्वारा डुमना पहुँचे थे। डुमना विमानतल पर उनका स्वागत जी एस ठाकुर, रानू तिवारी, पूर्व मंत्री मोती कश्यप, कमलेश अग्रवाल, जय सचदेवा, पंकज दुबे ने किया। इस अवसर पर कमिश्नर बी चन्द्रशेखर, आईजी पुलिस उमेश जोगा, कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा एवं नगर निगम कमिश्नर आशीष वशिष्ठ मौजूद थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान तकरीबन पांच मिनट रुकने के बाद हेलिकॉप्टर से शहडोल रवाना हुये।पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता मोती कश्यप ने यशभारत से चर्चा में बताया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से डुमना विमानताल पर मांझी समाज की समस्याओं को लेकर चर्चा की। साथ ही कुछ अन्य मामलों पर भी चर्चा हुई है। मुख्यमंत्री ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और जल्द ही निराकरण करने का आश्वासन दिया है।

## डीम्ड डेपुटेशन के दायरे में नहीं आते एन पी एस कर्मचारी

# सरकार की एक चूक बन सकती है आयुध निर्माणी कर्मचारियों के लिए वरदान

**जबलपुर यशभारत।** सरकार की एक चूक आयुध निर्माणी कर्मचारियों के लिए वरदान साबित हो सकती है। सरकार की इसी चूक को निशाना बनाते हुए गत दिवस व्हीकल फैक्ट्री मजदूर यूनियन ने ओ.आई.टी.सी अपर महाप्रबंधक प्रेमचंद्र के माध्यम से सचिव रक्षा उत्पादन के नाम ज्ञापन सौपते हुए मांग रखी कि एन पी एस कर्मचारियों को पहले पुरानी पेंशन मे शामिल किया जाए।ज्ञापन में कहा गया है कि विगत 24 सितम्बर 2021 को रक्षा उत्पादन विभाग द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन संख्या 1(5)/2021/ओएफ/ डी पी (पी आई जी-ङ्क)/02 को वापस लेते हुए एन पी एस धारक कर्मचारियों को सी सी एस (पेंशन) रूल्स 1972 को अपनाने का विकल्प दिया जाए। बता दें की रक्षा उत्पादन विभाग द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन के इसी आदेश के तहत आयुध निर्माणियों के निगमीकरण के बाद कर्मचारियों को 1 अक्टूबर 2021 से अस्तित्व में आये। नए निगमों में मानित प्रतिनियुक्ति पर भेजा गया है मजदूर यूनियन के सचिव नवीन सिंह ने यूनियन की मांग के पीछे




दिए गए तर्क देते हुए बताया कि रक्षा उत्पादन विभाग द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन में सी सी एस (पेंशन) रूल्स 1972 के जिस नियम 37-ए के तहत कर्मचारियों को 2 वर्ष की अवधि के लिए नए निगम में सामूहिक रूप से बिना प्रतिनियुक्ति भत्ते के डीम्ड डेपुटेशन पर भेजा गया है। आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि निर्माणी के लगभग 85त्न से अधिक औद्योगिक कर्मचारी और कुल कर्मचारियों का तकरीबन 80त्न हिस्सा सी सी एस (इम्लीमेनटेशन आफ नेशनल पेंशन सिस्टम) रूल्स 2021 के आधीन होने से सी सी एस (पेंशन) रूल्स 1972 के नियम 37-ए के तहत आता ही नहीं है।यूनियन के अध्यक्ष धनञ्जय चंद्रात्रे का कहना है की चूंकि एन.पी.एस. नियमों में कर्मचारियों को सामूहिक रूप से बिना प्रतिनियुक्ति भत्ते के डीम्ड डेपुटेशन पर भेजे जाने संबंधी सी सी एस (पेंशन) रूल्स 1972 के नियम 37-ए के समरूप कोई प्रावधान नहीं है 7 इसलिए पुरानी पेंशन के नियम 37-ए के तहत एन.पी.एस. धारकों को डीम्ड डेपुटेशन पर भेजा जाना पूरी तरह असंवैधानिक तथा संविधान के अनुच्छेद 309 का खुला उल्लंघन है। संविधान का अनुच्छेद 309 राज्य एवं केन्द्रीय कर्मचारियों की नियुक्ति व सेवा शर्तों तथा उनमें होने वाले बड़े जुड़ाव/बदलाव/संशोधन को विनियमित करता है। यूनियन के महामंत्री नितिन चाकर ने बताया की संविधान के अनुच्छेद 309 की शक्तियों से सेवा शर्तों में होने वाले बड़े जुंड़ाव/बदलाव/संशोधन संवैधानिक प्रकृति के होते है। इन्हें पूर्व प्रभावी तिथि से लागू नहीं किया जा सकता। इसलिए सरकार के पास एकमात्र विकल्प है की या तो निगमीकरण का अपना फैसला वापस ले अन्यथा एन.पी.एस. धारकों को सी सी एस(पेंशन)रूल्स 1972 के तहत पुरानी पेंशन पाने का विकल्प प्रदान करे।

# पंचग्रही योग में मनेगा शिव आराधना का पर्व महाशिवरात्रि

**जबलपुर।** इस बार शिव आराधना का पर्व महाशिवरात्रि पंचग्रही योग में एक मार्च मंगलवार को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। ज्योतिर्विदों के मुताबिक सूर्य और गुरू की युति कुंभ राशि में बनने के साथ मकर राशि शनि, मंगल, शुक्र, बुध, चंद्र के साथ होने से यह दिन खास बन गया है। इस दिन भोले भंडारी का पंचामृत स्नान के साथ ही विधि-विधान से पूजन भक्तों को मनोवांछित फल की प्राप्ति होगी। कोरोना से राहत मिलने के बाद पर्व को इस बार दोगुने उल्लास से मनाने की तैयारियां मंदिरों में की जा रही हैं।इसके चलते रात्रिकालीन चार पहर की आराधना भी हर्षोल्लास से होगी। फाल्गुन माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि एक मार्च को तड़के सुबह 3.16 बजे से रात एक बजे तक रहेगी। ज्योतिर्विदों के मुताबिक शिव आराधना का पर्व महाशिवरात्रि दो कारणों से और भी खास हो गया है। यह कारण सूर्य और गुरू की युति के साथ पंचग्रही योग बनना है। इसमें महादेव का पंचामृत से स्नान से अक्षय सिध्दि प्राप्त होती है। यह मनोवांछित फल प्रदान करने वाला संयोग है। इस दिन शिव पूजन के लिए दिन में समय अभिजीत मुहूर्त में सुबह 11.35 से 12 बजकर 28 मिनट तक रहेगा। विजय मुहूर्त दोपहर 1.48 से 2. 45 बजे तक होगा।

# देव कृपा से दूर होता है ह्रदय, नेत्र दोनों का अंधकार

## (245 मोतियाबिन्द आपरेशन लैंस प्रत्यारोपण के साथ 18 वा नेत्र शिविर का समापन)

**जबलपुर।** संत कृपा से ह्रदय में जोत जगती है और आशीर्वाद से नेत्र ज्योति बढ़ती है। सेवा करने से पुण्यार्जन होता है, सेवा के लिए ह्रदय विशाल होना चाहिए।नर के रूप में नारायण के दर्शन करने के लिए सेवा सर्वोपरि है। नेत्र ज्योति मिलना किसी पारसमणि से कम नही है। ह्रदय और नेत्र दोनों का अंधकार देव कृपा से दूर होता है। गुरु से प्रेम और भक्ति के लिए लंबी दूरी भी कम होती है, उक्त भावुकतापूर्ण उदगार देवजी नेत्रालय तिलवारा घाट मे साकेत वासी महंत रामचंद्र दास शास्त्री के जन्मोत्सव पर आयोजित 18 वे नेत्र शिविर के समापन पर नरसिंहपीठाधीश्वर डा नरसिंह दास महाराज ने कहे। नेत्र शिविर में 500 से अधिक नेत्र रोगियो की जांच के पश्चात 245 मरीजों का मोतियाबिन्द आपरेशन कर लैंस प्रत्यारोपण किया। देवजी



नेत्रालय के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डा.पवन स्थापक, डा.आयुष टंडन, डा.अर्पिता स्थापक दुबे, डा.अपूर्वा, डा.रितेश शुक्ल, डा.अखिलेश कुमार, डा.सोनिया टंडन, डा. प्रियंका राठौर, डा. स्नेहिल शेडे, डा. प्रवीण अग्निहोत्री, डा.संदीप मिश्रा, अमित देशपांडे, आलोक मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन और हरकेश सिंह ठाकुर, हैप्पी परमार, दीपक असरानी के विशेष सहयोग रहा। आज समापन के विशिष्ट अवसर पर अशोक मनोध्याय, सुभाष ठाकुर, लोकराम कोरी, रमेश पाठक, विध्येश भापकर, हरीश मनोध्याय, राजेन्द्र प्यासी, दीपक असरानी, मुस्कान सहित श्रृध्दालुओ की उपस्थिति रही। संचालन अरविंद दुबे और आभार धन्यवाद ज्ञापन हरकेश सिंह ठाकुर ने किया।

### 65 बच्चों को नेत्र ऑपरेशन होगा

दादा वीरेंद्र पूरी जी नेत्र संस्थान(देवजी नेत्रालय) जबलपुर और ज़िला चिकित्सालय एवं रोटरी क्लब बालाघाट के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न जन्मजात नेत्र व्याधियों से ग्रसित 202बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया इसमें से 65 बच्चों को नेत्र ऑपरेशन के लिए देवजी नेत्रालय लाया जा रहा ,इनका ऑपरेशन अत्याधुनिक माइक्रोस्कोपिक तकनीक से किया जाएगा।

## नॉन इंटरलॉकिंग कार्य कुछ ट्रेनें परवर्तित मार्ग से जाएगी

***जबलपुर यश भारत।** रेल प्रशासन द्वारा दक्षिण पश्चिम रेलवे में केएसआर बेंगलुरु मंडल के मलुगुरु रेलवे स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण इस मार्ग से होकर चलने वाली कुछ गाड़ियों को परवर्तित मार्ग से होकर चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ होने वाली *गाड़ी संख्या 12194 जबलपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस ट्रेन 26 फरवरी 2022 को अपने परवर्तित मार्ग से वाया डोन जं., रेणुगुंटा जं., जोलारपेटटै जं., बांगरपेट, बानसवाड़ी होते हुए जाएगी। इसी प्रकार पमरे से गुजरने वाली ट्रेन गाड़ी संख्या 22684 लखनऊ-यशवंतपुर एक्सप्रेस ट्रेन 24.02.2022 एवं 03.03.2022 को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रारम्भ होकर परिवर्तित मार्ग वाया डोन जं., रेणुगुंटा जं., जोलारपेटटै जं., बांगरपेट, बानसवाड़ी होते हुए जाएगी।

## रेलवे बोर्ड के तुगलती फरमान के विरोध में रेलवे मजदूर संघ ने खोला मोर्चा

# स्टेशन में धरना प्रदर्शन

***जबलपुर यश भारत।** रेल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले रनिंग स्टॉफ के लाईन बाक्स को बंद किये जाने के रेलवे बोर्ड के तुगलकी फरमान के खिलाफ आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है, बल्कि प्रदर्शन उग्र होता जा रहा है।



वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के अध्यक्ष सीएम उपाध्याय व महासचिव अशोक शर्मा के निर्देश पर संयुक्त महामंत्री सतीश कुमार मंडल अध्यक्ष एसएन शुक्ला व मंडल सचिव डीपी अग्रवाल के नेतृत्व में उक्त फरमान के खिलाफ जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 पर स्थित लोको पायलट, गार्ड लाबी के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन कर रेलवे प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।मंडल सचिव डीपी अग्रवाल व संयुक्त महामंत्री सतीश कुमार ने कहा कि रेल संचालन के बेहद जरूरी उपकरण डेटोनेटर, रेल लेम्प, टार्च, हेड सिंग्नल पेग लकड़ी की रॉड, वॉकी-टॉकी, त्न × स्क्र बुक, एक्सीडैन्टल मेन्युअल गार्डस, सर्टिफाईड बुक, शिकायत बुक, वर्किंग टाइम टेबल, पेड लॉक, ड्रेस के अतिरिक्त व्यक्तिगत कपड़े आदि लाईन बाक्स के अंदर रखे जाते हैं जो कि कभी भी और कहीं भी किसी अप्रिय घटना को रोकने व निर्बाध रूप से रेल चलाने में प्रयुक्त होते हैं।

### *इन्होंने व्यक्त किया आक्रोश*

प्रदर्शन के दौरान एसआर बाउरी, कुलदीप परसाई, यशविंद कुमार, अनिल मवासे, मुकेश यादव, अमोद कुमार, संजय चौधरी, श्मामकला श्रीवास्तव, नारेबाजी कर आक्रोश जताया। मंतोष सिंह, डीबी सरकार, शेख सलीम, शिशिर कौरव, पकंज वर्मा, जेपी यादव, विश्वमित्र मंगलू, अजय कुमार शर्मा, अमृत लाल, दीपक केसरी, तरुण बत्रा, धर्मेन्द्र चौधरी आदि ने आक्रोश जताया।

## केंद्रीय चिकित्सालय जबलपुर में ईएनटी चिकित्सा द्वारा नई तकनीक मशीन से सफल सर्जरी

***जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल में चिकित्सीय सुविधाओं में विस्तार करते हुए नई आधुनिक तकनीकी की मशीनों का प्रयोग किया जा रहा है। तीनों मंडलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा और स्वास्थ्य इकाइयों में रेल कर्मचारियों और परिवार के सदस्यों को आधुनिक चिकित्सा पद्धति से इलाज करने में हमेशा ही अग्रसर रहा है। इसी श्रंखला में पश्चिम मध्य रेल के केन्द्रीय चिकित्सालय जबलपुर के ऑपरेशन थियटर में कठिन चुनौतियों के बीच एक ऐसी दुर्लभ सर्जरी को सफल तरीके से



संचालित किया गया जो साधारणतः सुनने व देखने में नहीं आती। केन्द्रीय चिकित्सालय के ईएनटी विभाग के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा नई आधुनिक तकनीकी से कंबाइंड मैंडीबुलेक्टॉमी एंड नेक डिसेक्शन ऑपरेशन का ऑपरेशन थियटर में स्थापित मशीनों से सर्जरी की गई। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय चिकित्सालय जबलपुर में सेवानिवृत्त ट्रैकमैन गाडरवारा सुरेश की पत्नी श्रीमती मुन्नी देवी उम्र 60 वर्ष का गले की सफल सर्जरी की गई। उपरोक्त सर्जरी में पमरे केन्द्रीय चिकित्सालय जबलपुर मण्डल चिकित्सा अधिकारी (ईएनटी) डॉ. मीनाक्षी मिश्रा, ऑनकोसर्जन (एचवीएस) डॉ. जीतेन्द्र परियानी और ऑपरेशन थियटर की मेडिकल टीम द्वारा जटिल ऑपरेशन किया गया है। इस ऑपरेशन के बाद मरीज पूर्ण रूप से स्वस्थ है। पश्चिम मध्य रेल द्वारा केन्द्रीय चिकित्सालय और तीनों मण्डलों के स्वास्थ्य इकाइयों में स्वास्थ्य संबंधित बेहतर चिकित्सीय सुविधाओं का इसी तरह आगे भी विस्तार किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री के गृह जिले में अपराधियों को पुलिस का संरक्षण : कांग्रेस का आरोप

### गृह मंत्री से की शिकायत और जबलपुर की पुलिस की की तारीफ

**जबलपुर।** शहर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव ने व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ जबलपुर आगमन पर मध्य प्रदेश गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा से मुलाकात कर जबलपुर पुलिस की तारीफ करते हुए धन्यवाद दिया कि बिलहरी एटीएम लूट के अपराधियों को समय पर कड़ी मेहनत के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं विदिशा पुलिस की शिकायत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के गृह जिले की पुलिस खुलेआम लूट के अपराधियों को संरक्षण दे रही है बिना कार्रवाई के ट्रक को बिना अदालत की अनुमति के छोड़ दिया कांग्रेस नेता दिनेश यादव ने गृहमंत्री से विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि विगत वर्ष अप्रैल में देश में जानलेवा बीमारी कोरोना काल चल रहा था। जबलपुर की जनता के लिए खाद पदार्थ की पूर्ति के लिए निवाड़गंज गल्ला बाजार की फर्म अखिल ट्रेडर्स के द्वारा इंदौर से जबलपुर के लिए एक ट्रक खाद्य तेल की खरीदी की गई थी 22 अप्रैल 2021 को विदिशा जिले के अंतर्गत त्योंदा थाने की सीमा क्षेत्र में ट्रक मालिक और ड्राइवर की मिलीभगत से 21 लाख की कीमत का तेल चुरा लिया गया और खाली ट्रक में आग लगाकर आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया। जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई पर कोई कार्यवाही ना होने पर लगातार पुलिस अधिकारी व एसपी विदिशा से भी संपर्क किया जा रहा है, 18 नवंबर 2021 को पुलिस महानिदेशक को भी आवेदन दिया गया पर कोई कार्रवाई होती नहीं दिख रही है।

1 ग्राम ए.डी. एवं फैंसी ज्वेलरी के थोक विक्रेता
पूजा जैसा कोई न दूजा
पूजा इमीटेशन
पेपर कटिंग लाने पर एक जोड़ी ईयर रिंग फ्री
1 ग्राम गोल्ड शोरूम
मात्र 800 की खरीदी पर एक आईक्रोनिक काजल फ्री
पता: चूड़ी गली, अन्नपूर्णा मार्केट, गंजीपुरा, जबलपुर (म.प्र.) मो: 9826243750

Trusted CCTV CAMERA Sales & Sarvice Since-2009
AUTH.DEALER- G.S.ELECTRONIC C.P. Plus, Hikvision, Dahua
0% फायनेंस उपलब्ध हैं।
शॉप नं. 127, कछपुरा ब्रिज, हनुमान मंदिर के सामने, संजीवनी नगर, गढ़ा जबलपुर Mob:-9098983263,9131193852

AN ISO 9001-2008 CERTIFIED Co.
मैरिज स्पेशल शूज
डीसेन्ट फुटवेयर
Exclusive Party Shoes
करमचंद चौक, जबलपुर
प्रो. आकाश श्रीवास्तव
मो.: 9425159114, 8982481114

वास्तविक नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन
शंकरा आई फाउंडेशन के VISION 100000 प्रोजेक्ट के अंतर्गत
लेंस का भी चार्ज नहीं
दक्ष नेत्रालय
परामर्श शुल्क 350/-
डॉ. चैताली पटेल हर्षे MBBS, MS, FLVPEI (LV PRASAD EYE INSTITUTE)
डॉ. कौस्तुभ हर्षे MBBS (AFMC), DNB (GOLD MEDAL), FVRS (SANKARA)
प्रथम तल, ओमेगा चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर
9111021252, 0761-4925929, 7049984830
सोम- शनि। समय: 10AM-6PM

आर.एण्ड आर. डायबिटिक एण्ड थायराईड क्लीनिक
Dr. Abhishek Shrivastav
MD DMsc Endocrinology (England)
Masters in Endocrinology RCP (England)
Editorial Board Member Joumal of Endocrinology and Metabolism Research
Editorial Board Member MSD Research Publication
देश के जाने माने थायराइड डायबिटीज हार्मोंस रोग विशेषज्ञ इंग्लैण्ड से प्रशिक्षित अपॉइटमेंट लेने का समय सुबह10 से शाम 6 बजे तक। मो. 7869022999, 9977369339
क्लीनिक: मदन महल थाने के पास, HP पेट्रोल पंप के सामने नेपियर टाउन, जबलपुर
समय: दोपहर 12 बजे से 7 :30 बजे तक
Regd. No. 31955

आवश्यकता है हेल्थ एवं लाइफ इंश्योरेंस
विश्व की बहुचर्चित कंपनी में कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। मार्केटिंग वालों को प्रथम प्राथमिकता
योग्यता- 10वीं से स्नातक
शीघ्र संपर्क करें
वेतन 5 अंकों में
मो. 9300068860, 7987249262

श्री लक्ष्मी मेडिकल
यहां सभी प्रकार की दवाईयां उपलब्ध, साथ ही पायें 15 से 70 प्रतिशत तक की छूट
त्रिवेणी हेल्थ केयर के सामने राइट टाउन स्टेडियम के पास
मो. 9977213219, 7691912082

स्माईल्स by डॉ. शंकरन
व्यापक दंत चिकित्सा एवं मौखिक स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र
केयर ऑफ मंजूषा नर्सिंग एवं मेटरनिटी होम किंग्सवे मेन रोड, सदर बाजार, जबलपुर (म.प्र.) 482001
0761-4098765, मो.9826110610
Website-www.smilesbydrshankaran.com
Email-info@smilesbydrshankaran.com
dr.abhilash@rocketmai.com
डॉ. अभिलाष शंकरन
बी.डी.एस., एम.डी.एस., (कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एण्ड एंडोडोंटिक्स)
रजि नं. A- 1918
रूट कैनाल एवं सौंदर्य दंत चिकित्सा विशेषज्ञ
यहाँ दांतों की सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज विशेषज्ञ द्वारा किया जाता है।
- : सुविधाएँ उपलब्ध :-
दंतों की नस का इलाज (रूट कैनाल ट्रीटमेंट), कॉस्मेटिक डेंटिल फिलिंग।, दंतों के पीलेपन का उपचार (डेंटल ब्लीचिंग)।, डेंटल एक्सरे।, दंतों की सफाई (स्केलिंग) एवं पायरिया रोग का उपचार।, फिक्स दाँत लगवाना (सिरामिक एवं मेटल)।, टेढ़े दातों का इलाज (आर्थोडेन्टिक ट्रीटमेंट)।, बत्तीसी लगवाना- फिक्स एवं निकालने वाली (डेन्चर)।, बच्चों के दांतों का इलाज (पीडोडेन्टिक ट्रीटमेंट)।, डेंटल इम्प्लांट।, डेन्टल ज्वेलरी।, सड़े हुए दातों को निकालना (डेंटल एक्सट्रैक्शन)।

प्रो. प्रेरणा रोहरा
कुल्हड़ वाला -गरमागरम
केसर दूध
सूखे मेवे से भरपूर
विजय नगर, एकता चौक, जेन्ट्री गेट के नीचे
शाम- 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक (अवश्य पधारें) मो. 7974758785

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

महाकोशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घण्टे
Life Care ICU मुखर्जी हॉस्पिटल
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम एवं सुविधाएं:-
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलोजिस्ट)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ एम. चंसौरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन)
डॉ पुनीत भल्ला (एम.डी. कार्डियोलॉजिस्ट)
डॉ अखिलेश पटेल (छाति एवं सांस रोग विशेषज्ञ एम.डी)
डॉ नेहा चंसौरिया B.D.S. M.D.S (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
covid-19 संबंधित हर इलाज, सांस फूलना, फेफड़ों की बीमारी, महाकौशल का सबसे आधुनिक वेंटिलेटर उपलब्ध, हड्डी की चोट, सर की चोट, हेड इंज्यूरी, जहरीली वस्तु का सेवन, (POISON-UNIT) बर्न यूनिट, डायलिसिस सुविधा, उच्च स्तरीय ट्रेन्ड नर्सिंग- पैरा मेडिकल स्टाफ, भर्ती मरीजों के लिए डायटिशियन द्वारा बताया गया भोजन, नि:शुल्क उपलब्ध।
पता:- 1933,प्रेम मंदिर के पास राइट टऊन, जबलपुर, संपर्क सूत्र:-7049079825, 9300920067
हॉस्पिटल फोन:- 0761- 4038666, जबलपुर का प्रथम CRITICAL CARE हॉस्पिटल (E-mail:- lifecareicujbp@gmail.com)

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
मकर संक्रांति के फ्रूट आयटम उपलब्ध
→चना →रेबड़ी →गजक →ड्रायफ्रूट
→नमकीन →तोस →लईया →लड्डू →भेल
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)

# जबलपुर नगर निगम 153 करोड़ शासन के पास जमा

## यहां पड़े लाले !



### जिला पंजीयक कार्यालय हर प्रत्येक रजिस्ट्री 3 प्रतिशत टैक्स वसूलकर शासन के खाते में जमा कर रहा

**जबलपुर, यशभारत। जिला पंजीयक कार्यालय द्वारा हर साल मध्यप्रदेश नगर निगम अधिनियम धारा 1956 के तहत 3 प्रतिशत ड्यूटी की बसूली हो रही है। प्रत्येक रजिस्ट्री पर 3 प्रतिशत का टैक्स वसूलकर शासन के खाते में जमा कराए जा रहे हैं।**

उक्त टैक्स वसूली के पीछे का प्रमुख मकसद नगर विकास से जु?ा है। इस राशि का उपयोग नगर निगम को शहर विकास के लिए खर्च करना है। लेकिन रजिस्ट्री कार्यालय से प्रदेश सरकार के खाते में जमा हो रही राशि नगर निगम को नहीं मिल रही है। निगम में लाले प? हैं। इसी चक्कर में शहर का विकास रुक गया है। क्योंकि विगत 3 साल से नगर निगम को स?क, नाली, फुटपाथ बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा कोई राशि नहीं दी गई है। जबकि जबलपुर रजिस्ट्री कार्यालय से हर साल 55 करोड़ से ज्यादा की राशि प्रदेश सरकार के खाते में जमा हो रही है। पिछले 3 साल में प्रदेश सरकार के पास 1 53 करोड़ से ज्यादा की राशि जमा हो चुकी है। जबकि शहर की स?कें बदहाल हैं, पानी निकासी के लिए नाला-नालियों का निर्माण अधूरा पड़ा है। इतना ही नहीं शहर के हर कॉलोनी में अंधेरा छाया रहता है। समय पर बिजली बिल जमा करने में नगर निगम के पसीने छूट रहे हैं। स्ट्रीट लाइट का मेंटेनेंस तक नहीं हो पा रहा है।

#### टैक्स वसूलने वाले विभाग की ही अनदेखी

आश्चर्य करने वाली बात यह है कि जिस विभाग के मार्फत नगर निगम को हर साल 55 करोड़ के करीब की राशि मिलती है, वह भले ही शासन के खाते में जमा हो रही हो। उसी पंजीयक कार्यालय के उपक्षेत्रीय कार्यालय धनवंतरी नगर तक के पहुंच मार्ग की दुर्दशा है। प्रापर्टी पंजीयन कराने आने-जाने वालों को सुगम रास्ता तक नहीं मिल पा रहा है। जबकि निगम को पंजीयक कार्यालय के मार्फत टैक्स की राशि मिल रही है, जिसका उपयोग सड़क, नाली, फुटपाथ और लाइट जैसी मूलभूत सुविधा देने के लिए किया जाना है।

#### हर साल 55 करोड़ से ज्यादा की वसूली

प्रापर्टी की रजिस्ट्री कराने वाले लोगों से जबलपुर जिला पंजीयक कार्यालय हर साल 55 करोड़ से ज्यादा की राशि वसूली कर रहा है। इतना ही नहीं किसी वित्तीय वर्ष इससे ज्यादा की भी वसूली हो जाती है। इसके बाद भी नगर निगम के खाते में निगम हिस्से की राशि नहीं पहुंच रही है। शहर का दुर्भाग्य है कि रजिस्ट्री कार्यालय के मार्फत मिलने वाली 3 प्रतिशत राशि बस नगर निगम के खाते में जमा नहीं हो रही है, वह सीधे शासन के खाते में जमा हो रही है।

#### शासन से राशि निकलवाने का कोई प्लान नहीं

विडंबना यह भी है कि नगर निगम के नाम से जो राशि ली जा रही है, वह शासन के खाते में जमा हो रही है। उस राशि को निकलवाने के लिए जनप्रतिनिधियों का प्रदेश सरकार पर दबाव नहीं है। निगम में नगर सत्ता भी करीब डेढ़ साल से नहीं है, जिस कारण महापौर, एमआईसी, पार्षदों का दबाव भी सरकार पर नहीं बन पा रहा है। लिहाजा प्रदेश सरकार नगर निगम के हिस्से का पैसा जबलपुर को देने में दिलचस्पी नहीं दिखा रही है। जबकि जबलपुर हिस्से का पैसा प्रदेश सरकार से क्षेत्रीय विधायक, सांसद निकलवा सकते हैं।



# मप्र गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा का जबलपुर में कांग्रेस को तंज

## लिखित में झूठ बोलने वाली पार्टी है कांग्रेस

जबलपुर, यशभारत। मप्र के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने जबलपुर में कांग्रेस पर हमला बोलेते हुए कहा जिस पार्टी का इंजन ही खराब है उसमें डिब्बे बदलने से कुछ नहीं होगा। केंट विधानसभा के एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा से सवाल किया गया कांग्रेस पार्टी ने महिला प्रदेश कार्यकारिणी को अचानक भंग कर दिया गया इस पर गृहमंत्री ने कहा कमलनाथ खराब इंजन की तरह अब इस इंजन के डिब्बे बदलने से कुछ नहीं होगा। कांग्रेस पार्टी को इंजन ही बदलना होगा।

**जिस पार्टी का इंजन खराब उसके डिब्बे बदलने से कुछ नहीं होगा**

#### 15 माह की सरकार थी क्या किया हिसाब दें

गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस लिखित में झूठ बोलने वाली पार्टी है। 15 सरकार थी प्रदेश में क्या किया हिसाब दें। प्रदेश में किसी को सरकारी नौकरी नहीं दी गई, किसानों से झूठ बोला गया। किसानों के कर्ज माफ करने की बात कही गई परंतु कर्ज माफ नहीं किया गया।

#### कमलनाथ क्यों दो पद लेकर बैठे है


गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता कमलनाथ विपक्ष के नेता भी है और प्रदेश पार्टी के अध्यक्ष। कमलनाथ क्यों दो पद लेकर बैठे हुए हैं। जबकि महिला कांग्रेस कार्यकारिणी को भंग किया जा रहा है। कमलनाथ अपनी पार्टी का भला चाहते हैं तो युवाओं को मौका दें और पदों से इस्तीफा दें।

#### नेताजी के यहां रहने से माटी पवित्र हो गई

जबलपुर पहुंचे गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने नेताजी सुभाषचंद्र केंद्रीय जेल का दौरा किया। इस मौके पर गृहमंत्री ने कहा कि नेताजी के यहां रहने से जबलपुर की मिटटी पवित्र हो गई। इसके पहले गृहमंत्री सर्किट हाऊस पहुंचे जहां उन्होंने कलेक्टर डॉक्टर इलैयाराजा टी, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने मुलाकात की।

**सबके काम की खबर**

# आय और मूल निवासी प्रमाण पत्र के लिए समग्र आईडी जरूरी




**जबलपुर, यशभारत।** आय-मूल निवासी प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अब समग्र आईडी जरूरी होगी। इससे पहले आधार कार्ड आईडी पर आय और मूल निवासी प्रमाण पत्र बन जाता था। शासन के निर्देश पर कलेक्ट्रेट स्थित लोकसेवा केंद्र के अधिकारियों ने एक नोटिस चस्पा किया है जिसमें अंकित है कि अब आय और मूल निवासी के लिए सिर्फ आधार कार्ड नहीं समग्र आईडी भी जरूरी होगी।

#### जिन्हें जानकारी वे घर लौट रहे हैं

बताया जा रहा है कि आय और मूल निवासी प्रमाण पत्र बनवाने कलेक्ट्रेट लोकसेवा केंद्र पहुंचने वाले बहुत से आवेदकों को घर लौटना पड़ रहा है। जानकारी लगने क बाद वह समग्र आईडी लेकर पहुंचते हैं। नए आदेश को लेकर आवेदक परेशान हो रहे हैं तो दूसरी तरफ अधिकारियों का कहना है कि शासन के निर्देश पर समग्र आईडी अनिवार्य की गई है।

#### साप्टवेयर स्वीकार नहीं कर रहा आवेदन

लोकसेवा केंद्र अधिकारियों ने बताया कि मूल-आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए साप्टवेयर भी उसी तरह से तैयार हो गया। समग्र आईडी अंकित करने के बाद ही आय-मूल निवासी बनवाने वाले आवेदक की पूरी फीड करने के बाद ही आवेदन स्वीकार किया जा रहा है। हालांकि अधिकारियों ये नहीं बताया कि समग्र आईडी दोनों प्रमाण पत्रों के लिए क्यो अनिवार्य की गई है।

# हनुमानताल की जमीन पर बनी पुलिस चौकी जमींदोज

## तालाब के किनारे जमे अतिक्रमण को हटाया गया



**जबलपुर, यशभारत।** हनुमानताल के समीप जमे अतिक्रमण को जिला प्रशासन और नगर निगम की अतिक्रमण दस्ता टीम द्वारा अलग किया गया। तालाब की जमीन पर काबिज पुलिस चौकी को जमींदोज किया गया। सुबह से शुरू हुई कार्रवाई दोपहर को समाप्त हो गई। एसडीएम नमः शिवाय अरजरिया ने बताया कि कलेक्टर डॉक्टर इलैयाराजा टी के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। कलेक्टर ने बीते दिन हनुमानताल का निरीक्षण किया था । इस दौरान आसपास काबिज अतिक्रमणों को अलग कराने के निर्देश जारी किए गए थे।

# शारदा चौक में फिर सुलगा लकड़ी टाल

**जबलपुर, यशभारत। मदनमहल शारदा चैक स्थित लकड़ी टाल में लगी आग से अफरा-तफरी मच गई। नगर निगम फायर बिग्रेड ने सूचना पाते ही मौके पर जाकर आग पर काबू पाया। लकड़ी टाल में लगी आग से लाखों का नुकसान बतया जा रहा है।**

## फायर बिग्रेड ने मौके पर पहुंचकर बचाया बड़ा हादसा



पुलिस ने जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचकर आग कैसी लगी इसकी पतासाजी में जुट गई।मदन महल निवासी रतन चैधरी को सूचना मिली कि उसके लकड़ी के टाल में आग लग गई है मौके पर जाकर देखा तो लकड़ी का टाल पूरी तरह से जल रहा था, फायर बिग्रेड को सूचना दी तो दमकल कर्मियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। घटना को लेकर क्षेत्र में एक बार फिर तरह-तरह की चर्चाएं हो लगी। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि रहवासी क्षेत्रों में लकड़ी के टाल बड़े हादसों का न्यौता दे रहे हैं। मनाही के बाद भी इन क्षेत्रों से लकड़ी के टाल अलग नहीं किए जा रहे हैं जबकि अनेक अग्नि हादसे हो चुके हैं।

# काशी एक्सप्रेस से गिरकर छात्र की मौत

**जबलपुर यश भारत।** बनारस से मुंबई जाने वाली काशी एक्सप्रेस में सतना से सवार हुए एक 20 वर्षीय युवक की ट्रेन से गिर जाने के कारण मौत हो गई । मृतक के पास में लिख कागजात के अनुसार गाडरवारा जीआरपी द्वारा परिजनों को इस घटना की सूचना दी गई प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत जीआरपी ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए घटना की पड़ताल शुरू कर दी है। इस संबंध में जीआरपी ने जानकारी देते हुए बताया कि अमरवाड़ा का रहने वाला 20 वर्षीय मोहित डेहरिया पिता अशोक डेहरिया सतना में रहकर पढ़ाई करता है वह बीती रात काशी एक्सप्रेस में सवार होकर अपने घर जा रहा था गाड़ी नरसिंहपुर स्टेशन पहुंचने की पूर्व उसने चलती गाड़ी उतारने का प्रयास कर रहा था इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गाड़ी की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई मृतक के पास सतना रेलवे स्टेशन का प्लेटफॉर्म टिकट एवं अन्य कागजातों के आधार पर उसकी पहचान हुई गाडरवारा जीआरपी नंबर कायम किया है।

**रूस-यूक्रेन महायुद्ध**

# जबलपुर की दो लाड़लियां यूक्रेन में फंसी

**जबलपुर, यशभारत। रूस और यूक्रेन के बीच महायुद्ध में दुनिया की नजर टकटकी लगाए बैठी है वही यूक्रेन में कई देशों के नागरिक अभी भी वही पर फंसे हुए है,,जहा हिंदुस्तान के बड़ी संख्या में नागरिक अभी भी यूक्रेन की राजधानी कीवी में अपने देश लौटने की उमीद लगा कर बैठे है।**

वही संस्कारधानी जबलपुर की दो बेटियां रिया पाठक और उसकी सहली स्मिता यूक्रेन की राजधानी में युद्ध के बीच फॅसी हुई है,जहा रिया के पिता ने बताया कि उनकी बेटी रिया और उसकी सहली स्मिता दोनों एमबीबीएस की पढ़ाई यूक्रेन की राजधानी कीवी से कर रही है जो 5 साल से वही है ,जहा अचानक रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चालू हो गया है वही आज बेटी की फ्लाइट थी लेकिन रूस के अटैक के बाद सभी फ्लाइट्स यूक्रेन ने कैंसल कर दी जिसके चलते उनकी बेटी व उसकी सहली वापिस नही आ पाए। वही रिया के पिता ने बताया की वह लोग एयरपोर्ट के पास होटल में रुके हुवे है जहा सभी चीजें बंद पड़ी हुई है वही खबर आ रही है की रूसी सेना ने कीवी में भी अटैक किया है,वही अभी बेटी से बात हुई थी वो कह रही है अभी तो सब ठीक है लेकीन आगे का कुछ नही कहा जा सकता,

#### रिया की माँ का रो-रो कर बुरा हाल

यूक्रेन में फंसी रिया की माँ का रो रो कर बुरा हाल है,जहा रिया की माँ ने गुहार लगाई है की बेटी को कैसे भी वापिस हिन्दुतान लाया जाएत्रिमूर्ति नगर शास्त्री बिहार निवासी प्रवीण कुमार पाठक की बेटी रिया पाठक 23 वर्ष यूक्रेन की बिनप्रो शहर में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही हैं। उसके साथ ही जबलपुर विजय नगर निवासी सतीश कुमार ठाकुर की पुत्री इशिता ठाकुर भी एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है। दोनों का यूक्रेन में पढ़ाई का पांचवां साल है। यूक्रेन के बदले हालात के बाद से बेटियों के परिजन घर में परेशान हैं और लगातार बेटियों से फोन पर हालचाल पूछ रहे हैं।




**परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल**

#### हर घंटे कर रहे फोन पर बात

प्रवीण पाठक ने बताया कि उनकी हर घंटे रिया से बात हो रही है। वह पूरी तरह सुरक्षित एक होटल में ठहरी हुई है। उन्होंने बताया कि रिया को यूक्रेन में भारतीय दूतावास ने एक हफ्ते पूर्व ही भारत लौटने की सलाह दी थी। जिसके बाद उसने फ्लाइट में टिकट बुक करवा लिया था। वह विनप्रो शहर से कीव गई थी। यही से उसे गत दिवस भारत आने के लिए हवाई जहाज से बैठना थाए लेकिन रूसी हमले के साथ ही यूक्रेन की सभी उड़ानों को निरस्त कर दिया है। इस वजह से रिया और उसकी सहेली इशिता ठाकुर फिलहाल वहीं एक होटल में इंतजार कर रही हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल दोंनों सुरक्षित हैं।

# सेवा निवृत्त पुलिस अधीकारी एसोसियेशन द्वारा पुलिस अधीक्षक का सम्मान



**जबलपुर, यशभारत।** तिलहरी स्थित बैंक आफ महाराष्ट्र के एटीएम में कैश वैन लूट और हत्याकांड मामले में आरोपियों को पकड़े जाने पर कन्ट्रोल रूम जबलपुर में सेवा निवृत्त पुलिस अधिकारी एसोसियेशन द्वारा पुलिस अधीक्षक जबलपुर सिद्धार्थ बहुगुणा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर/अपराध गोपाल खाण्डेल को सम्मान पत्र भेंट करते हुये सम्मानित किया गया। सेवा निवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश तिवारी एवं सेवा निवृत्त उप पुलिस अधीक्षक अनिल वैद्य, अवधेश तिवारी ने कहा कि हम सभी ने जबलपुर में पुलिसिंग की है। आपके कुशल नेतृत्व में टीम वर्क की भावना से कार्य करते हुये सनसनीखेज लूट की घटना का खुलासा किया गया है, इससे नि.संदेह जबलपुर पुलिस का नाम रौशन हुआ है। हम सभी रिटायर्ड् अधिकारी अपने आपको गौरान्वित महसूस कर रहे है। पुलिस अधीक्षक ने सभी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि घटित हुई सनसनीखेज लूट की वारदात को जबलपुर पुलिस ने चैलेंज के रूप मे लिया था। डी.आई.जी. जबलपुर रेंज सर, एवं ए.डी.जी. जबलपुर जोन सर तथां डी.जी.पी. का लगातार मार्गदर्शन मिलता रहा, उत्तर प्रदेश पुलिस का सहयोग भी बहुत अच्छा था, पूरे मिशन में जबलपुर में पदस्थ सभी अधिकारियों/कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रह्य।

# दो की जगह4साल बाद वर्क्स कमेटी चुनाव

**जीसीएफ मे अधिसूचना व्हीएफजे मे नये जी एम का इंतजार**

**जबलपुर यशभारत।** आयुष निर्माणियों में अहम महत्व रखने वाले वर्क्स कमेटी चुनाव का आगाज जीसीएफ और व्हीकल फैक्ट्री में हो चुका है। दोनों निर्माणियों में आगामी 23 अप्रैल की तिथि तय की जा चुकी है। जिसमें जीसीएफ में जहां इसकी विधिवत अधिसूचना जारी हो चुकी है। वही व्हीकल फैक्ट्री में नए महाप्रबंधक के पद ग्रहण करने का इंतजार है। आगामी दिनों में नए महाप्रबंधक श्री बापट पद ग्रहण करेंगे। उनके आते ही व्हीकल फैक्ट्री में भी अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। इसके लिए दोनों निर्माणी प्रबंधन ने तैयारियां शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि औद्योगिक विवाद अधिनियम 1948 के तहत निर्माणी में प्रत्येक 2 वर्ष में कर्मचारियों के प्रतिनिधि चुनने के लिए वर्क्स कमेटी चुनाव कराए जाने अनिवार्य हैं। दोनों फैक्ट्रियों में 2 वर्ष पूर्व कार्यसमति कालातीत हो चुकी है। चूकि पिछले 2 वर्षों में वैश्विक महामारी कोरोना का संकट छाया था।गृह मंत्रालय की गाइडलाइंस के अनुसार कर्मचारियों की उपस्थिति 50 फ़ीसदी के आसपास होती थी। लिहाजा प्रबंधन ने यूनियनो से चर्चा कर चुनाव टाल दिए थे। साथ ही जल्द चुनाव कराने के लिए उन्होंने यूनियनों को आश्वासन दिया था कि स्थिति सामान्य होते ही और उत्पादन सत्र पूरा होते ही कार्यसमति के चुनाव जल्द से जल्द करा दिए जाएंगे। लिहाजा आगामी 31 मार्च 2022को निर्माणी ओं का उत्पादन सत्र पूर्ण हो रहा है। इसीलिए प्रबंधन ने तिथि तय करते हुए 23 अप्रैल को वर्क्स कमेटी के चुनाव नियत कर दिए हैं ।जीसीएफ में इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है वही व्हीकल फैक्ट्री में नए महाप्रबंधक से पद ग्रहण करने का इंतजार किया जा रहा है ।उनके आते ही व्हीकल फैक्ट्री में भी चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी इधर कार्यक्रम की जानकारी लगते ही दोनों फैक्ट्रियों में सभी यूनियनों की सक्रियता बढ़ गई है जो समय समय पर तेज होती जाएगी।



## श्रीमती सरोज रानी तिवारी का निधन

जबलपुर। राजुल सिटी गढ़ा निवासी श्रीमती सरोजरानी तिवारी का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे स्व. रामकुमार तिवारी की धर्मपत्नी सुशील तिवारी की माता जी एवं अनिल की बड़ी मां और अमित, पत्रकार अनुराग तिवारी की दादी थी। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल जबलपुर**

राप्रक्र/2478/अ-6/2021-22/
जबलपुर दिनांक ....12.2022/

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रहलादचंद गुप्ता पिता स्व. मनोहर लाल गुप्ता निवासी मिलौनीगंज जबलपुर के द्वारा मौजा ... ब्लॉक नंबर13 प्लॉट नंबर12 स्थित भूमि खसरा नंबर ... में से रकवा 283.5 वर्गफुट भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता अन्नपूर्णा चतुर्वेदी स्व रमेश चंद से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 21.10.2003 से क्रय किया जाना लेख किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 28.2.22 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 12.2.2022
पेशी दिनांक 28.3.2022

**तहसीलदार अधारताल जबलपुर**

**आम सूचना**

मैं अपनी पक्षकार कंपनी की ओर से पूर्णरूप से अधिकृत होकर आम जनता को यह सूचित करता हूं कि मेरी पक्षकार कंपनी द्वारा प्रदीप कुमार सेन आ. रामकुमार सेन, व श्रीमती रेखा सेन पत्नी श्री प्रदीप कुमार सेन को अचल सम्पत्ति जो कि मौजा खैरी नं ब 570, पहनं 17, खसरा नं 119/4 का भा रानिम महाराजपुर प्लाट नंबर एम 6, कुल रकवा 800 वर्गफुट तहसील व जिला जबलपुर जिसके उत्तर में सोनी जी, दक्षिण में शुक्ला जी, पूर्व में साइड रोड तथा पश्चिम में तिवारी जी का मकान स्थित है। को क्रय करने हेतु ऋण सुविधा देना प्रस्तावित है। उक्त सम्पत्ति के वर्तमान मालिक व काबिज श्रीमती रानु ठाकुर पत्नी सत्येन्द्र ठाकुर हैं जिन्होंने उक्त सम्पतित आम नीलामी की प्रक्रिया के द्वारा विक्रेता स्टेट बेंक आफ इंडिया से रजिस्टर्ड सेल सर्टिफिकेट दिनांक 14.11.2008 दस्तावेज क्रमांक 1111/8 के माध्यम से क्रय की थी श्रीमती रानु ठाकुर पहले उपरोक्त सम्पत्ति के मालिक व काबिज परसराम थे जिन्होंने उक्त सम्पत्ति 10.2.2004 दस्तावेज क्र 3704-घ के माध्यम से विक्रेता संजय श्रीवास्तव से क्रय की थी। परसराम के द्वारा उक्त सम्पत्ति स्टेट बैंक आफ इंडिया में बंधक रख कर ऋण सुविधा प्रदान किया गया था परंतु ऋण न चुका पाने की दशा में स्टेट बैंक आफ इंडिया को उक्त सम्पत्ति नीलाम कर श्रीमती रानु ठाकुर के पक्ष में सेल सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया। अत इस आम सूचना के माध्यम से सभी व्यक्ति एवं संस्थाओं को यह अवगत किया जाता है कि जिस किसी को भी उपरोक्त ऋण संव्यवहार से आपत्ति है संपत्ति में हितबद्ध है तो आज दिनांक से 7 दिवस के अंदर मुझे मय दस्तावेजों के साथ लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सूचित करें अन्यथा 7 दिवस बीतने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा प्रदीप कुमार सेन व रेखा सेन को उपरोक्त संपत्ति क्रय करने हेतु ऋण सुविधा प्रदान कर दी जावेगी।

जबलपुर
दिनांक 23.2.22

हर्षित पटेल
मप्र उच्च न्यायालय जबलपुर
मो. 9893333246

# नए जननी एक्सप्रेस वाहनों में चढ़ने के लिए सीढ़ियां ही नहीं

## ऑडिट टीम ने जताई आपत्ति

**भोपाल।** प्रसूताओ को अस्पताल ले जाने और घर पहुंचाने के लिए प्रदेश भर में 850 जननी एक्सप्रेस वाहन चल रहे हैं। इनके संचालन के लिए नई कंपनी का चयन होने के बाद कंपनी ने खुद कुछ गाड़ियां खरीदी हैं। यह वाहन भोपाल में ही फिलहाल खड़े हैं। तय नियम के मुताबिक वाहनों के संचालन के पहले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारियों और मैनिट के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के फैकेल्टी ने मिलकर पिछले हफ्ते इन वाहनों का ऑडिट किया था। नए वाहनों में सबसे बड़ी खामी यह देखने को मिली है कि प्रसूताओं के वाहन में चढ़ने और उतरने के लिए सीढ़ियां ही नहीं है। इस पर मैनिट के विशेषज्ञों ने कंपनी के अधिकारियों को सुझाव दिया है कि वाहनों में फोल्डेबल सीढ़ियां लगाई जाए। वाहन चलाने के पहले उन्हें मोड़ कर ऊपर की तरफ कर लिया जाए। इसके अलावा उन्होंने छोटे-छोटे कुछ और सुझाव दिए हैं। बता दें कि आगामी 01 मार्च से जय अंबे कंपनी द्वारा प्रदेश भर में 108 एंबुलेंस और जननी एक्सप्रेस वाहनों का संचालन किया जाना था, लेकिन तैयारी पूरी नहीं होने की वजह से कंपनी ने दो महीने का और समय मांग लिया है। अब 1 मई से नई कंपनी काम संभाल




पाएगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारियों ने बताया कि कंपनी ज्यादा से ज्यादा नए वाहनों के साथ संचालन शुरू करना चाहती है, लेकिन 108 एंबुलेंस चलाने के लिए नए वाहन उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। प्रदेश में 108 एंबुलेंस की संख्या अभी 606 है। नई कंपनी के आने के बाद 1002 वाहन हो जाएंगे। इसका फायदा यह होगा कि जरूरतमंदों को वाहन जल्दी मिल सकेंगे। प्रदेश में जननी एक्सप्रेस वाहनों की संख्या अभी 850 है। नई कंपनी 1050 वाहन चलाएगी। फोन करने वाले की लोकेशन के आधार पर एंबुलेंस पहुंच जाएगी। अभी सिर्फ पता नोट कराने में ही 2 से 3 मिनट का समय बेकार जाता है। निजी अस्पतालों में जाने के लिए भी लोग यह एंबुलेंस किराए से बुक कर सकेंगे। अभी 108 एंबुलेंस में 90 फीसदी से ज्यादा मरीजों को सरकारी अस्पतालों में ले जाया जाता है।



**भोपाल।** संत हिरदाराम नगर स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा में रुपए जमा करने गए एक सेल्समैन को झांसा देकर अज्ञात ठग एक लाख रुपये ले उड़ा। आरोपित का चेहरा सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है लेकिन

## सेल्समैन को झांसा देकर रुपये ले उड़े युवक का चेहरा सीसीटीवी में कैद

वह चेहरे पर मास्क पहना हुआ था। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से उसे ढूंढना शुरू कर दिया है । पुलिस के अनुसार संत छाया कैलाश नगर बैरागढ़ निवासी सुशील मनसुखानी पुत्र लक्ष्मण दास गुरुवार को दोपहर करीब 12 बजे पंजाब नेशनल बैंक में ? एक लाख जमा करने गया था। उसी समय एक युवक बैंक में घुसा और कहा कि मेरे पास 2 लाख 60 हज़ार हैं मेरे पास आधार कार्ड नहीं है और इस बैंक में रुपए जमा नहीं हो रहे हैं मेरे को जल्दी भेजना है कोई दूसरी बैंक बता दो। सुशील ने विश्वास में आकर उसे कहा कि चलो बैंक ऑफ इंडिया में चलते हैं। सुशील के साथ आरोपित युवक बैंक ऑफ इंडिया पहुंचा और सुशील से कहा कि मेरा बैग पकड़ो। इसके बाद उसे अपनी बातों में उलझा कर आरोपित ने बैग ही बदल दिया और झांसा देकर गायब हो गया। सुशील को पता ही नहीं चला कि उसका बेग बदला चा चुका है। पुलिस के अनुसार दोनों बैग लाल कलर के थे इसलिए फरियादी को पता नहीं चला कि उसका बैंक कौन सा है। बाद में जब उसने बैग खोला तो उसमें रुपयों की जगह कागज की गड्डी रखी हुई थी। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दिनेश कौशल के अनुसार मामले की जांच की जा रही है थाना प्रभारी डीपी सिंह ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है पंजाब नेशनल बैंक के सीसीटीवी फुटेज में आरोपित का चेहरा कैद हो गया है।

# सिंघाड़ा खेती करने वालों को मिलेगा अनुदान



### जैविक उद्यानिकी किसानों का सम्मेलन मार्च मे

**भोपाल।** जैविक उद्यानिकी खेती का प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार किसानों से सुझाव मांगेगी। इसके लिए मार्च में जैविक किसान सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह बात उद्यानिकी राज्यमंत्री भारत सिंह कुशवाह ने कही। वे गुरुवार को मंत्रालय में उद्यानिकी विभाग की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिंघाड़ा खेती करने वाले उद्यानिकी किसानों को आर्थिक सहायता के तौर पर अनुदान दिया जाएगा। संभागीय किसान कार्यशाला में किसानों से प्राप्त सुझावों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिए गए हैं। राज्यमंत्री ने कहा कि उद्यानिकी क्षेत्र को विस्तार देने, किसानों के अनुकूल विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर जिला बागवानी सलाहकार समितियां गठित की जाएंगी। इन समितियों में संबंधित जिले के किसान सदस्य रहेंगे। जैविक उद्यानिकी खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों के सुझाव के आधार पर कार्यक्रम तय किया जाएगा। किसान सम्मेलन में प्रदेश के सभी जिलों से जैविक खेती करने वाले उद्यानिकी किसानों को बुलाया जाएगा। किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार उद्यानिकी फसलों के भंडारण के लिए पैक हाउस, प्याज भंडार गृह, कोल्ड स्टोरेज निर्माण का जिलों को लक्ष्य दिया जाएगा। राज्यमंत्री ने कहा कि किसानों की मांग के अनुसार उन्नत किस्म के बीज और पौधे विभाग उपलब्ध कराएगा। विशेष रूप से अमरूद की वीएनआर बर्फ खाना, पिंक ताईवान आदि किस्मों के पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं पाली हाउस और शेडनेट योजना में किसानों को अनुदान की राशि डीबीटी के माध्यम से किस्तों में देने का निर्णय लिया गया है। कुशवाह ने बताया कि औषधीय फसलों के बीज पर अनुदान, एक जिला-एक उत्पाद में बैंक स्तर पर लंबित प्रकरणों के निराकरण, बीज, खाद, दवाई का गुणवत्तापूर्ण परीक्षण सहित किसानों द्वारा दिए गए अन्य सुझावों को भी अमल में लाने का निर्णय लिया है। उद्यानिकी फसलों को आवारा मवेशियों और जंगली जानवरों से सुरक्षित रखने के लिए खेत की तारफेंसिंग के लिए अनुदान देने की योजना करेंगे।

## चुभने लगी धूप, दो दिन बाद बारिश होने के भी आसार

**भोपाल।** धीरे-धीरे मौसम का मिजाज अब बदलने लगा है। दिन का तापमान सामान्य से अधिक बना रहने से धूप अब चुभने लगी है। तेज रफ्तार से चल रही हवाओं के साथ पेड़ों के सूखे पत्ते भी झड़ने लगे हैं। रात का तापमान भी सामान्य से अधिक बना हुआ है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के आने का सिलसिला बना हुआ है। इसी क्रम में 28 फरवरी को उत्तर भारत में आने वाले एक तीव्र आवृत्ति वाले पश्चिमी विक्षोभ के असर से मध्यप्रदेश के अधिकतर जिलों में बौछारें पड़ने की संभावना है। उधर गुरुवार को सबसे कम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस खजुराहो में दर्ज किया गया।

### फंदा न बना लें सिमी आतंकी, इसलिए पाजामा में नाड़ा भी काफी छोटा

# भोपाल सेंट्रल जेल की अंडा सेल में 104 कैमरों से निगरानी



## अजीबोगरीब करते हैं मांग संविधान को नहीं मानते

**भोपाल ।** सेंट्रल जेल भोपाल की हाई सिक्युरिटी यूनिट में वैसे तो 32 अंडा सेल हैं, लेकिन इनमें से सात पर इन दिनों निगरानी और सख्त कर दी गई है। इस यूनिट में जेल के 75 कर्मचारी और छह अधिकारी सतत नजर रखते हैं। इसके अतिरिक्त 104 कैमरों में भी सेल के अंदर और बाहर की गतिविधियां कैद होती रहती हैं। सात बैरकों में बंद खूंखार आतंकी करवट भी बदलते हैं, तो यह जेल के अफसरों को पता चल जाता है। सुरक्षा की दृष्टि से उन्हें जो पाजामा दिए गए हैं, उनमें नाड़े सिले हुए हैं। कमर में बांधने के लिए उनमें सिर्फ गठान लगाने का ही विकल्प है। उधर जेल के बाहर भी नगरीय पुलिस ने पेट्रालिंग बढ़ा दी है।
वर्ष-2016 में दीपावली की रात को सिमी आतंकियों के जेल ब्रेक करने की सनसनी खेज वारदात के बाद एक बार फिर सेंट्रल जेल भोपाल सुर्खियों में है। तब जेल के प्रमुख प्रहरी की हत्या कर भागे सिमी कार्यकर्ताओं को अगले दिन सुबह एनकाउंटर में मार दिया गया था। फिलहाल चर्चा जेल में बंद सात आतंकियों की सुरक्षा को लेकर है। वर्तमान में जेल में सात आतंकी मौजूद हैं। इनमें से महिदपुर निवासी सफदर नागौरी, कमरुद्दीन नागौरी, उज्जैन निवासी आमिल परवेज, कर्नाटक निवासी हाफिज गुलबर्गा, केरल निवासी शादुली एवं शिबली को फांसी की सजा सुनाई गई है। अंसार को अंतिम सांस तक जेल में रहने की सजा दी गई है।जेल उप अधीक्षक पीडी श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में 23 सिमी समर्थक आरोपित जेल में हैं। इनमें अहमदाबाद ब्लास्ट में शामिल सात आतंकी 27 मई 2017 से जेल में हैं। इसके पूर्व सभी अहमदाबाद जेल में थे। भोपाल में सभी को अंडा सेल में रखा गया है। यहां पर विशेष प्रशिक्षण प्राप्त 81 कर्मचारी-अधिकारी तैनात रहते हैं। इस बात की पूरी सतर्कता रखी जा रही कि बंदियों को ऐसा कुछ भी हासिल नहीं हो सके, जिसका इस्तेमाल वह दूसरों या स्वयं को नुकसान पहुंचाने में कर सकें। यहां तक कि उन्हें जो पाजामा मुहैया कराए गए हैं, उनमें नाड़े सिले हुए हैं। उनमें सिर्फ गठान लगाने का ही विकल्प है। सभी आतंकी न तो राष्ट्रगान का सम्मान करते हैं और न ही भारत के संविधान को मानते हैं। उनका कहना है कि कुरान ही उनका संविधान है। वह बोलते हैं कि देश पर शासन का अधिकार सिर्फ खलीफा को होता है। राष्ट्रीय पर्वों, अन्य धर्मों के त्योहार पर जेल में बनने वाले विशेष भोजन का भी ये लोग बहिष्कार करते हैं। आतंकी सामूहिक रूप से नमाज पढ़ने की अनुमति चाहते हैं। नमाज का समय देखने के लिए घड़ी की मांग करते हैं। अंग्रेजी अखबार, कागज, पेन, ई-मुलाकात, फोन पर बात करने की सुविधा चाहते हैं। तलाशी लेने पर कर्मचारियों से अभद्रता करते हैं। सरकार आतंकवादी विरोधी दस्तों का गठन करने पर उसमें शामिल लोगों को अतिरिक्त मानदेय राशि देती है। इससे उनका मनोबल बढ़ता है। उधर जेल में खूंखार आतंकियों की निगरानी में लगे जेल के अधिकारियों, कर्मचारियों को किसी तरह का कोई मानदेय स्वीकृत नहीं किया जा रहा। सिमी आतंकियों के रिश्ते हिजबुल मुजाहिदीन, लश्करे तैय्यबा जैसे संगठनों से रहे हैं। ऐसे में उनकी निगरानी में तैनात अमला भी अपनी और परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहता है।

# पर्यटकों को आकर्षित करने नर्मदा नदी में दो स्थानों पर चलाए जाएंगे क्रूज

**भोपाल ।** आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रही राज्य सरकार प्रदेश में पर्यटन पर विशेष ध्यान दे रही है। दूसरे प्रदेश के पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए नए पर्यटन स्थल तलाश किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पर्यटन बोर्ड नर्मदा नदी में दो स्थानों पर क्रूज चलाने की तैयारी कर रहा है। पर्यटन विभाग के मैदानी अधिकारियों को ऐसे स्थानों का चयन कर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग के एक माह में क्रूज शुरू करने का लक्ष्य रखा है। इनमें से एक क्रूज महेश्वर से मंडलेश्वर और दूसरी बड़वानी से सरदार सरोवर बांध तक चलाई जा सकती है। प्रदेश, देश और विदेशी पर्यटकों की आवाजाही के कारण महेश्वर को चुना जा सकता है।मध्य प्रदेश किसी भी ओर से समुद्र तल से जुड़ा नहीं है। इसलिए यहां क्रूज के प्रति पर्यटकों में आकर्षण देखा जा रहा है। वर्तमान में भोपाल के बड़े तालाब, नर्मदापुरम के तवा बांध, बरगी में दो, गांधीसागर और खंडवा के हनुमंतिया टापू पर क्रूज चलाए जा रहे हैं, जिन्हें पर्यटक काफी पसंद कर रहे हैं। इसे देखते हुए पर्यटन बोर्ड नर्मदा नदी में दो और क्रूज शुरू करने की कोशिशों में जुट गया है। बोर्ड ने मैदानी अधिकारियों से प्रस्ताव मांग लिया है और मार्च माह में दोनों स्थानों पर क्रूज शुरू करने का लक्ष्य भी रख दिया है। जिसे देखते हुए ताबड़तोड़ तैयारी की जा रही है।




### नर्मदा नदी में क्रूज चलाने के लिए मैदानी अधिकारियों को सौंपा स्थान के चयन का जिम्मा

### ऐसे स्थान चुनें, जहां पर्यटक ज्यादा आएं

मैदानी अधिकारियों से कहा गया है कि क्रूज चलाने के लिए ऐसे स्थानों को चुना जाए, जहां नियमित रूप से पर्यटक आते हों। इनमें देश के दूसरे प्रदेशों और विदेशी पर्यटक भी हों। ताकि क्रूज चलाना घाटे का सौदा न हो जाए। वहीं ऐसे स्थानों के आसपास के क्षेत्र भी पर्यटन के लिए मुफीद हो। ताकि यहां तक आने वाला पर्यटक अन्य स्थानों पर भी घूमे।

### कलेक्टरों के माध्यम से आएगा प्रस्ताव

क्रूज कहां चलानी है, जिला स्तर पर अंतिम निर्णय कलेक्टर लेंगे और बोर्ड को प्रस्ताव भी कलेक्टर ही भेजेंगे। इसके लिए बोर्ड मंजूरी देगा और फिर क्रूज का संचालन शुरू हो जाएगा।

### जल परिवहन पर नहीं हो पाया काम

राज्य सरकार अब तक जल परिवहन पर काम शुरू नहीं कर पाई है। वर्ष 2017 में %नमामि देवी नर्मदे सेवा यात्रा के दौरान बड़वानी जिले के ग्राम मोहीपुरा में नर्मदा तट पर आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि प्रदेश की 30 प्रतिशत आबादी नर्मदा नदी के किनारे बसती है। इसलिए नर्मदा नदी की सौ किलो मीटर की परिधि में जल परिवहन शुरू किया जाएगा।

# वेस्ट जोन और नार्थ जोन ने जीत के साथ ही टूर्नामेंट की शुरुआत की

**भोपाल ।** केएफसी-3 वन-डे नेशनल जोन क्रिकेट (मूक बधिर) चैंपियंनशिप राजधानी में प्रारंभ हो गई है। वेस्?ट जोन और नार्थ जोन ने जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। इंडियन डीफ क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में मध्यांचल क्रिकेट सोसायटी आफ द डीफ व भोपाल डीफ क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से यह चैंपियनशिप खेली जा रही है। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय मैदान पर खेले गए मुकाबले में वेस्ट जोन ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। ईस्ट जोन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 124 रन का स्?कोर खड़ा किया। दास ने सबसे अधिक 42 रनों की पारी खेली। वेस्ट जोन के राहुल रघुवंशी ने 16 रन देकर तीन विकेट झटके। जबाब में वेस्ट जोन ने 22 ओवर में चार विकेट खोकर 125 रनों का विजयी लक्ष्य प्राप्?त कर लिया। इसमें राहुल रघुवंशी ने 44 गेंद पर 47 रन की पारी खेली। इसके अलावा प्रकाश त्रिपाठी ने 19 रन बनाए। अनिल कुमार तीन विकेट लिए। राहुल रघवंशी को हरफनमौला प्रदर्शन के लिए मैन आफ द मैच चुना गया। राहुल रघुवंशी को मैन आफ द मैच ट्राफी आईडीसीए के अध्यक्ष सुमित जैन व कोच देवदत्त ने पुरस्कार वितरित किए।

# कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग के पक्ष में आई कांग्रेस

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के दो लाख 85 हजार शिक्षक, डेढ़ लाख संविदाकर्मी और 48 हजार स्थाईकर्मी अंशदायी पेंशन (नेशनल पेंशन स्कीम) की जगह पुरानी पेंशन लागू करने को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। राजस्थान सरकार द्वारा पुरानी पेंशन बहाल किए जाने के निर्णय से इन्हें तो बल मिला ही है, कांग्रेस भी साथ खड़ी हो गई है। प्रदेश कांग्रेस ने सरकार से एक जून 2005 से पहले की पेंशन व्यवस्था को लागू करने की मांग की है। साथ ही कहा कि यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो विधानसभा से लेकर सड़क तक संघर्ष किया जाएगा। मध्य प्रदेश की तरह ही राजस्थान में कर्मचारी अंशदायी पेंशन की जगह पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग




कर रहे थे। वहां कांग्रेस सरकार ने पुरानी पेंशन लागू किए जाने की घोषणा कर दी है। जबकि, यहां शिक्षक, संविदाकर्मी और स्थाईकर्मी लंबे समय से इसकी मांग कर रहे हैं। इसको लेकर मनोकामना यात्रा भी निकाल चुके हैं और अब अप्रैल में बड़े आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। इसको लेकर बैठक का सिलसिला शुरू हो गया है। कर्मचारियों का कहना है कि अंशदायी पेंशन में कर्मचारी के मूल वेतन से दस प्रतिशत राश काटकर पेंशन खाते में जमा कराई जाती है और 14 प्रतिशत राशि सरकार मिलाती है। सेवानिवृत्त होने पर 50 प्रतिशत राशि एकमुश्त दे दी जाती है और शेष 50 प्रतिशत राशि से पेंशन बनती है। यह राशि तीन-चार हजार रुपये से अधिक नहीं होती है। इसकी वजह से कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग कर रहे हैं। अब प्रदेश कांग्रेस ने भी उनकी मांग का समर्थन किया है। पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने कहना है कि जिस तरह राजस्थान सरकार ने कर्मचारी हित में निर्णय लिया है, वैसा ही मध्य प्रदेश सरकार को भी करना चाहिए। इससे महंगाई के इस दौर में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को काफी राहत मिलेगी। बजट में सरकार इसकी घोषणा करे। यदि इस संबंध में कोई कदम नहीं उठाया जाता है तो पार्टी विधानसभा से लेकर सड़क तक इस मुद्दे को उठाएगी।



# नए स्वरूप में संवरे रवींद्र भवन का किराया बढ़ने से शहर के कलाकार चिंतित

**भोपाल।** रवींद्र भवन परिसर में नवनिर्मित रवींद्र भवन सभागम का किराया तय कर दिया गया है। 15 सौ सीटर मुख्य अडिटोरियम का किराया एक शिफ्ट का 80 हजार रुपये होगा। वहीं पूरे दिन की बुकिंग एक लाख 40 हजार रुपए में होगी। वहीं पुराने रवींद्र भवन के किराये में भी बेतहाशा वृद्धि की गई है। सभागार के लिए अब 18 हजार के स्थान पर 35 हजार और मुक्ताकाश मंच के लिए पांच हजार रुपए प्रतिपाली के स्थान पर अब 50 हजार रुपये देने होंगे। किराए की रेट लिस्ट भी जारी कर दी गई है। किराए में कई गुना वृद्धि से कलाकारों में चिंता है। इससे संस्कृतिकर्मी भोपाल में शो नहीं कर पाएंगे। कलाकारों का कहना है कि हम रवींद्र भवन का किराया कम करने की मांग कर रहे थे, लेकिन किराया बढ़ा दिया गया है। ये राशि सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े लोगों के लिए बहुत ज्यादा है। मप्र में थिएटर शो भी बिना टिकट होते हैं, हम तो थिएटर का किराया भी जेब से देते हैं।

### थिएटर को मिलेगी 50 प्रतिशत छूट

नए नियमों के अनुसार दोनों आडिटोरियम में शास्त्रीय संगीत, नृत्य के साथ रंगकर्म के लिए किराए में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। रवींद्र भवन में अब तक सिर्फ शास्त्रीय संगीत और नृत्य के लिए ही ये छूट दी जाती थी। रंगकर्मी अशोक बुलानी का कहना है कि हम किराया कम करने के साथ छूट की मांग कर रहे थे। विभाग ने किराया बढ़ाकर छूट दी है तो इसका क्या फायदा होगा।

### मुक्ताकाश मंच का किराया भी बढ़ाया

रवींद्र भवन प्रभारी वंदना जैन का कहना है कि रवींद्र भवन आडिटोरियम का किराया एक शिफ्ट का 18 हजार से बढ़ाकर 35 हजार रुपए किया गया है। दिन भर का किराया 60 हजार रुपये होगा। वहीं, मुक्ताकाश मंच का किराया पांच हजार से बढ़ाकर 50 हजार किया गया है। 2012 से किराए में किसी तरह की वृद्धि नहीं की गई थी। मुक्ताकाश मंच का किराया बहुत कम था। नये रवींद्र भवन सभागम से नाटक कलाकारों को कोई आपेक्षा ही नहीं थी, लेकिन पुराने रवींद्र भवन पर हमारी पूरी निर्भरता है।

कलाकारों की अर्थिक स्थिति को देखते हुए किराया दोगुना कर देना सही नहीं है। इससे नाटक कलाकारों के काम पर विपरीत असर पड़ेगा। पहले जितने शुल्क में दो शो हो जाते थे अब उस फीस में एक शो ही कर पाएंगे। मैं कलाकारों की समस्याओं से संस्कृति विभाग को अवगत कराउंगा।

**- आलोक चटर्जी, रंग निदेशक**

नई दरें केवल बड़े फिल्म प्रोडक्शन हाउस की पहुंच में हैं। छोटे फिल्म निर्माताओं के लिए राशि का भुगतान करना बहुत मुश्किल होगा। जबकि शहर में शूट होने वाले हर प्रोजेक्ट कम से कम 100 स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता है। किराया कम होता तो छोटे फिल्म निर्माता भोपाल की ओर अधिक आकर्षित होते।

**- जुल्फिकार अली, लाइन प्रोड्यूसर**

## बाबाताल के पास एक मार्च से होगा आयोजन

# सिहोरा में श्रीराम महायज्ञ की तैयारी पूर्ण



**सिहोरा** - नगर में बाबाताल के पास पहली बार आयोजित होने वाले ऐतिहासिक विश्व शांति श्रीराम महायज्ञ एंव श्रीराम कथा की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी है । 11 कुंडीय महायज्ञ को लेकर जहां भक्तों में अपार उत्साह देखा जा रहा है तो वहीं महायज्ञ स्थल पर सिद्धन धाम लोढा पहा? के संत श्री श्री 1008 बाल संत जू महाराज उपस्थित होकर स्वयं तैयारियो की समीक्षा कर रहे है। संत महापुरुषों के पावन सानिध्य में होने जा रहे यज्ञ में सिहोरा खितौला के अलावा अन्य ग्रामीण क्षेत्र के हजारो भक्तगण भी बडी संख्या में हिस्सा लेगे । प्राप्त जानकारी के अनुसार यज्ञ स्थल पर कथा के लिए एंव रोज होने वाले भंडारे के लिए जहां दो डोम पंडाल लगाये गये है तो वही मेला में आने वाले दुकान दारो के लिए भी दुकानें आवंटित की जा रही है। आने वाले हजारो भक्तों को कोई दिक्कत न हो इसका भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है इसी तरह यज्ञ में 11 यज्ञ वेदी भी बनाई गई है जिसमें प्रतिदिन मंत्रोच्चार के बीच आहुतिया दी जायेगी तथा संत जी के अलावा इसमे शामिल हो रहे लगभग 150 पंडितों के लिए भी आवास पानी भोजन की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है । संत श्री सीताराम शरण जू महाराज प्रतिदिन भक्तों को श्रीराम कथा का रसपान करायेंगे हर कोई इस धर्म रूपी गंगा में गोते लगाने आतुर नजर आ रहा है ।

## भाजयुमो जिला ग्रामीण की कार्यकारिणी घोषित

**6 उपाध्यक्ष,2 महामंत्री,6 मंत्री शामिल**

**सिहोरा-** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार के निर्देश पर भाजपा जिलाध्यक्ष रानू तिवारी की अनुशंसा एवं जिले की सभी जनप्रतिनिधियों की सहमति से भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल ने कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें उपाध्यक्ष सजल तिवारी, मोती श्रीपाल, हर्ष तिवारी ,आयुष सेठी, मोनू सिंह ठाकुर, प्रिंस पटेल, महामंत्री राज शेखर त्रिपाठी, श्रीकांत सिंह परिहार,जिला मंत्री सोनू सिंह पटेल, अर्पित चौबे, पुष्पराज सिंह शेखर, कपिल पटेल,अंचल साहू, पलाश दुबे, कार्यालय मंत्री महाकाल शर्मा, सह कार्यालय अश्विनी बर्मन,सत्येंद्र राजपूत, धीरू सागर, कोषाध्यक्ष राहुल निगम ,सह कोषाध्यक्ष जसपाल सिंह ,सौरभ चौरसिया, अंकित जैन, मीडिया प्रभारी आदित्य सोनी, सह मीडिया संजय दुबे, सौरभ ताम्रकार, मोहित साहू, सोशल मीडिया प्रभारी आयुष सिंह ,सह सोशल मीडिया विकास नायर, रूपांश सोनी, नितिन प्यासी,रिचार्ज एंड पॉलिसी प्रभारी कपिल पटेल, सह प्रभारी पंकज तिवारी ,शिशुपाल सिंह, कृष्णा दुबे के साथ अन्य लोगो को कार्यकारिणी में शामिल किया गया है ।



# शासकीय कालेज में कैरियर मेला आयोजित

**750 छात्रो ने कराया पंजीयन**

**सिहोरा-** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आज 24 फरवरी को कॅरियर अवसर मेला आयोजित किया गया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डा. आरूणा पांडे ने कहां कि मेले का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराना एवं इच्छुक विद्यार्थियों को स्वरोजगार हेतु प्रेरित करना है।

### मील का पत्थर साबित होते है ऐसे आयोजन

छात्रों एवं पूर्व छात्र का उत्साहवर्धन करते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ नागेंद्र सिंह ने कहा कि युवाओं का शिक्षणकाल स्वार्णिमकाल है। यदि इस समय स्वंय को कॅरियर के लिए समर्पित कर दिया तो भविष्य सुरक्षित हो जायेगा। कॅरियर के प्रति जागरुक करने, युवाओं के कॅरियर को नयी राह दिखाने ऐसे आयोजन मील के पत्थर साबित होते है। मेले के आयोजन के संबंध में प्राचार्य एवं मेले की संयोजक डॉक्टर अंजली मांडवे ने बताया कि कोरोना महामारी के कारण योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं किया जा सका। अब कालेजों में गतिविधियां तेज हो चुकी है इसी कड़ी में विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार के अवसर मिल सके इसके लिए महाविद्यालय गठित प्लेसमेंट सेल का उद्देश्य अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को नौकरियां दिलवाना है और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कंपनियों व फर्म में प्रशिक्षण की व्यवस्था रखेंगे। इसके लिए सेल ने कंपनियों से संपर्क कर रोजगार मेले का आयोजन किया।संभावित रोजगार क्षेत्रों की उपलब्धता पर पर्यात्र चर्चा के उपरांत संभावित व्यक्तियों, संस्थाओं, उपक्रमों को सूचीबद्ध कर सतत संपर्क करें विभिन्न कंपनियों को प्लेसमेंट हेतु आमंत्रित किया गया।

### पांच कंपनियों ने लिया छात्रो का साक्षत्कार

मेले में 5 कंपनियों के प्रतिनिधियों की सहमति मिलने पर मेले का आयोजन किया गया एनआईआईटी फाउंडेशन जस्ट डायल क्रेडिटएक्सेस ग्रामीण लिमिटेड प्रतिनिधियों द्वारा लिए जा रहे साक्षात्कार में महाविद्यालय के 750 छात्र छात्राओ ने पंजीयन कराकर हिस्सा लिया स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंर्तगत आयोजित मेले का समापन सत्र को संबोधित करते हुए डॉक्टर मेहरोलिया ने कहा कि युवाओं को कॅरियर के प्रति जागरूक करने, परिश्रम करने के लिए प्रोत्साहित करने की आवष्यकता है केवल नौकरियों की तरफ नही अपितु स्वरोजगार की तरफ भी ध्यान दें। ऐसे आयोजन युवाओं को न केवल प्रेरित करते है बल्कि उनमें आत्मविश्वास का संचार भी करते हैं।

### सफल बनाने में इनका रहा सहयोग

मेले को सफल बनाने में डा सुन्नु आर के मैथ्यु, डॉक्टर एम के श्रीवास्तव, सीएल वर्मा, डॉ आर के दशोरे, डॉ राजेश बाहने, जेपी सोयम, स्वाती महोबिया, कुणाल वर्मा, गार्गी भट्टाचार्य, जागेश्वर प्रजापति, आनंदीलाल कुर्मी, गौरव पवन नामदेव, राहुल शर्मा, संदीप कुर्मी, के पी रजक, पूजा चौकसे, अनिल राजपूत सहित महाविद्यालय स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा।

# आदर्श मोहल्ला समिति के लिए आदर्श हैं श्री वैद्य



**वरिष्ठ पत्रकार से सम्मानित होने पर किया स्वागत**

**जबलपुर यशभारत।** गत दिवस स्व.अरुण शुक्ला स्मृति समारोह में वरिष्ठ पत्रकार के सम्मान से नवाजे गये विनोद वैद्य का आदर्श मोहल्ला समिति की ओर से स्वागत किया गया।इस अवसर पर समिति की ओर से पूर्व पार्षद दिलीप पटेल के साथ मोहल्ला समिति के पदाधिकारियों ने स्वागत करते हुए कहा कि समिति के संस्थापक सचिव विनोद वैद्य हमारे मोहल्ले और समिति के लिए एक आदर्श हैं।सम्मान पत्र का वाचन संरक्षक तापेश्वर यादव ने किया और कहा कि श्री वैद्य ने एक बहादुर सिपाही की तरह विषम परिस्थितियों में भी विचलित न होते हुए विकास के लिए संघर्ष करते हुए एक कदम बढ़ कर कार्य किया है।जो प्रसंशनीय उल्लेखनीय और अनुकरणीय है।इस मौके पर संरक्षक जय बहादुर सिंह गौतम डा.एम एल शर्मा अध्यक्ष श्री कांत विश्वकर्मा करन विश्वकर्मा प्रदीप मराठा विनोद विश्वकर्मा द्वय के पी सेन मनोज भारद्वाज ए पी शुक्ला और सुदर्शन केवट आदि उपस्थित थे।

## संगीता सिंह पुन : जिला महिला कांग्रेस जबलपुर की जिलाअध्यक्ष नियुक्त



**कुंडम-**अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सुश्री नेटटा डिसूजा जी की स्वीकृति से मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना जायसवाल जी ने जिला महिला कांग्रेस जबलपुर के अध्यक्ष पद पर श्रीमती संगीता सिंह को नियुक्त किया है श्रीमती संगीता सिंह की नियुक्ति से महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं क्षेत्र जनों ने हर्ष व्याप्त किया जिसमें नन्हे लाल धुर्वे,खिलाड़ी सिंह, विजय जायसवाल, सुशील राय, अरविंद साहू,मनीष सोनी, राजेश सोनी,मीरा कछवाहा, दुर्गा धुर्वे,विपिन जयसवाल, प्रहलाद झारिया,नीरज राय, संदीप साहू,आशीष साहू, अमित साहू, राजकुमार साहू, भवानी साहू,अर्जुन धुर्वे, रतन कछवाहा, बाबा ठाकुर प्रिमला मरावी, दीपक श्रीवास्तव, लकी पहरिया, गोविंद झारिया,दीपक नामदेव, किशन दुबे, गयादीन मरावी, संजय यादव ,अशोक ठाकुर, संग्राम राजपूत, बेदू यादव, सुशील पांडे, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता श्रीमती संगीता सिंह जी को पुनः जिला महिला कांग्रेस जबलपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त करने पर बधाइयां दी हैं एवं हर्ष व्यक्त किया.

# मानवता के महान उपासक थे संत गाडगे महाराज जी

जबलपुर। नगर में महान संत गाडगे महाराज जी की 146 वी जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई जिसमें अखिल भारतीय धोबी महासंघ के द्वारा ग्राम मटा मर स्थित उनके मंदिर के साथ ही अन्य जगह विविध धार्मिक आयोजन किए गए। जहां पर संत गाडगे जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ पूजन अर्चन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संत गाडगे महाराज जी मानवता के महान उपासक थे, उन्होंने अपने पूरे जीवन काल में पीड़ित मानव की सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। वे सदैव समाज के उस वर्ग की सेवा में लगे रहते थे जो सबसे ज्यादा कमजोर माना जाता है। अ.भा.धोबी महासंघ के भगवत प्रसाद रजक जी ने कहा कि गाडगे महाराज जी ने यही संदेश दिया है कि भगवान दुखी और कमजोर जनों में बसते हैं। जिसने भी ऐसे लोगों की सेवा कर ली उस पर ईश्वर की कृपा हमेशा बरसती है। अ.भा.धोबी महासंघ के नगर अध्यक्ष राजकुमार रजक ने कहा कि संत गाडगे महाराज जी ने अपने जीवन काल में धर्मशालाएं, विद्यालय और उपचार से जुड़ी व्यवस्थाओं को पूरा करने के लिए अपना सब कुछ अर्पण किया था। इसलिए आज हम सभी को संत गाडगे जी से प्रेरणा लेकर दरिद्र नारायण की सेवा को प्राथमिकता देनी चाहिए। संत गाडगे महाराज जैसे महापुरुष दीन दुखियों के लिए ईश्वर के तुल्य माने जाते थे। संत गाडगे महाराज ने अपने लिए कुछ भी नहीं रखा और समाज की भलाई के लिए उन्हें जो भी दान दक्षिणा मिलती थी उस के माध्यम से समाज के सबसे गरीब वर्ग की मदद को प्राथमिकता देते थे। उल्लेखनीय है कि शहर में संत गाडगे महाराज जी की जयंती को सेवा दिवस के रूप में भी अनेक जगह मनाया गया। कार्यक्रम में विवेक रजक, आनंद रजक, शेरू रजक, शीतल रजक, संजय रजक, छुन्ना रजक, मनोहर रजक, विनोद रजक, श्रीमति काजल रजक, श्री बी.डी. रजक, श्री भगवत प्रसाद रजक, डॉ. रमेश सोलखिया, श्री कल्लू बाबा, श्री गोविंद रजक, जगनलाल रजक, राजेन्द्र रजक (कल्लू) सुशील रजक, सुरेन्द्र रजक, भरत रजक, संजय मालवी, संजीव रजक, इंदकुमार रजक, संदीप बाथरे, रंजीत रजक, शिवप्रसाद बाथरे, जयसिंग रजक, संजय रजक, शंभूदयाल रजक, राजू रजक, राधे रजक, विकास रजक, शैलेन्द्र रजक, श्रीमति गीता रजक, श्रीमति सोना रजक, श्रीमति किरण रजक, श्रीमति उमा रजक, श्रीमति अंजना रजक, रन्नो रजक, श्रीमति इंद्रा रजक आदि उपस्थित रहे।



## रोटरी का117 वां स्थापना दिवस

# दोहराया पीड़ित मानवता की सेवा का संकल्प

**जबलपुर।** रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा रोटरी के 117 वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में केक काटकर सदस्यों द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा के संकल्प को और सुदृढ़ करते हुए सत्र 2021-2022 के ध्येय वाक्य सेवा से बदलें जीवन को चरितार्थ करने शपथ ली गई। मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए प्रांतपाल सुनील फाटक ने रोटरी की स्थापना के मूल उद्देश्य को विस्तार से समझाया तथा स्वयं से परे सेवा की मूल अवधारणा को स्पष्ट करते हुए 220 देशों में रोटरी के 12 लाख सदस्यों को एक परिवार की तरह बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व अध्यक्ष अरुण कांत अग्रवाल ने रोटरी के जन्मदाता पॉल हैरिस एवं उनके तीन मित्रों द्वारा 1905 में स्थापित इस अंतरराष्ट्रीय संस्था को विश्व की सबसे विश्वसनीय सेवा संस्था करार देते हुए पोलियो के वैश्विक उन्मूलन में योगदान को याद किया। रोटरी के शांति मिशन को आज विश्व शांति दिवस को भी समर्पित किया। क्लब सचिव मुकेश सोनी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। आयोजन में निर्वाचित प्रांतपाल (2024-25) अखिल मिश्र, पूर्व अध्यक्ष प्रमोद वैश्य, पीयूष जैन, सारंग भि?, अमरेंद्र नारायण, रोहित माटा, रवि वैश्य, आशीष पोद्दार, सोनम केशरवानी, आशीष गुप्ता, रोटरी क्लब जाबालिपुरम से पूर्वाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, अबीर पाराशर आदि सदस्य उपस्थित थे।

# दुर्गा मंदिर एवं काले बाबा चौक में बेखौफ खिलाया जा रहा सट्टा ग्राम वासियों ने की कार्यवाही की मांग

**कुंडम-**कुंडम नगर में सटोरियों ने महिला एवं छात्राओं का निकलना दुबर कर दिया है इन दिनों कुंडम नगर मै नाबालिक छात्रों एवं नव युवकों द्वारा खुलेआम सट्टा खिलाया जा रहा है और पुलिस प्रशासन मौन बैठा है कुंडम ग्राम वासियों ने मुख्य बाजार हाट है यहां पर ग्राम की माताएं बहने छात्र छात्राओं का आवागमन होता है जहां पर 15 से 20 लड़कों की टोली मोबाइल पर सट्टा खिलाते हैं आसपास के सैकड़ों गांव के लोग सट्टा खेलने दुर्गा मंदिर काले बाबा चौक आते हैं यहां पर कुछ असामाजिक तत्वों का डेरा बना रहता है और दिनभर सट्टा गांजा सिगरेट पीते रहते हैं जिससे कुंडम ग्राम की महिलाओं द्वारा विरोध किया जा रहा है सट्टा का सारगना आनंद साहू के द्वारा 15 से 20 लड़कों को सट्टा खिलाने को लगा रखा है और सभी नव युवकों को अपराधी बना रहा है नव युवकों को पैसों का लालच देकर शराब पिलाकर सट्टा खिलाया जा रहा है और झगड़ा करवाता है विगत दिनों आनंद साहू द्वारा राज यादव रिंकू साहू के द्वारा एक लड़के को बुलाकर शराब के नशे में शराब की बोतल मार दी गई जिस पर कुंडम थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कुंडम पुलिस कार्यवाही करते हुए धारा 294 323 506 34 एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के तहत मामला पंजीकृत किया गया था जिसके चलते आरोपी फरार रहे तब ग्राम वासियों का कहना था कि अब शांति हो गई है मगर आज दिनांक से फिर आनंद साहू के द्वारा 15 से 20 लड़कों को सट्टा खिलाने के लिए छोड़ रखा है और फोन पर बातचीत करता रहता है दुर्गा मंदिर काले बाबा चौक एवं बस्ती के नागरिकों ने कुंडम पुलिस से मांग की है कि दुर्गा मंदिर काले बाबा चौक से खिलवा रहे सटोरियों पर कार्यवाही की जाए ग्राम वासियों द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय को ज्ञापन सौंपा जाएगा.

# मुख्यमंत्री ने जाने जबलपुर के हाल

### शहडोल प्रवास के दौरान नगर संगठन से की चर्चा

जबलपुर। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आज अल्पप्रवास पर डुमना विमानतल पर आगमन हुआ। इस अवसर पर उनकी डुमना विमानतल पर आगवानी की, नगर अध्यक्ष जीएस ठाकुर और नगर उपाध्यक्ष जय सचदेवा और पूर्व एमआईसी सदस्य कमलेश अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। अल्प प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस दौरान नगर अध्यक्ष जीएस ठाकुर से जबलपुर के विषय को लेकर चर्चा की। वही मुख्यमंत्री ने विगत दिनों जबलपुर के महाराष्ट्र बैंक के एटीएम मे हुई लूट की वारदात का जल्द पर्दाफाश करने पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा का बधाई दी। अपने शहडोल दौरे के दौरान वे कुछ समय डुमना विमानतल पर रूके और फिर शहडोल के लिये रवाना हो गये। इस मौके पर ग्रामीण अध्यक्ष रानू तिवारीए ग्रामीण उपाध्यक्ष प्रमोद पटेलए संभाग आयुक्त चंद्रशेखरए कलेक्टर इलैयाराजाए नगर निगम कमिश्नर आशीष वशिष्ठए मौजूद थे।



**सम्मान पाने की इच्छा पूरी न होना ही अपमान - वेदांती जी**



**सिहोरा-** भगवान से जुडने का सबसे सरल मार्ग है भक्ति कोई भी भक्त अगर मोहमाया में न फसकर भगवान की शरण में जाये तथा कथा का श्रवण करे तो उसे मोक्ष की प्राप्ती होती है उक्ताशय के विचार आचार्य सियावल्लभदास वेदांती जी महाराज कटाव धाम ने ग्रांम सगोडी पोडा में चल रही संगीत मय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा के तीसरे दिन अजामिल उपाख्यान, प्रहलाद चरित्र की मीमांसा करते हुए व्यक्त किए उन्होंने कहा की जीव परमात्मा से जुड जायेगा तो जीवन की वास्तविकता से अवगत हो जायेगा । जिसका कोई नही उसके भोलेनाथ है क्योंकि उनकी भक्ति सरल है । सम्मान पाने की इच्छा पूरी न होना ही अपमान है। आगे कहा असत्य से बढकर कोई पाप नही होता है । स्त्री करुणा और पुरुष बुद्धि प्रधान है। शब्दों में शिव को नहीं बांधा जा सकता है। कथा के पूर्व पुष्पा बाजपेयी, राजेंद्र, राजेश, महेंद्र, नीलू बाजपेयी, अभिषेक प्रीति बाजपेयी, राकेश राय,उर्मिला दाहिया, प्रवीण कुररिया,राजेश मिश्रा, रामनारायण श्रीवास,सुनील नंदू तिवारी आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया ।

# प्लाटिंग कर भू माफिया हो रहे मालामाल

**जनता की सुविधा का नही रख रहे ध्यान**



**सिहोरा-** प्लाटिंग कर भोली भाली जनता को सर्व सुविधा के सपने दिखाकर प्लाट बेचने वाले भूमाफिया तो मालामाल हो रहे है लेकिन आम जनता इनके मायाजाल में फंसकर प्लाट लेकर सडक बिजली पानी नाली की समस्याओं में उलझकर रह जाती है जनता को न्याय दिलाने आम आदमी पार्टी द्वारा आज एसडीएम सिहोरा के नाम तहसीलदार राकेश चौरसिया को ज्ञापन सौपते हुए जांच कर ऐसे भूमाफियों के खिलाफ कडी से कडी कार्यवाही की मांग की गई है।

### प्रशासन से की गई ये मांग

आप ने ज्ञापन सौपते हुए मांग की है की मध्यप्रदेश शासन की मंशा अनुसार अवैध कालोनियों को वैध व अवैध कालोनियों पर रोके जाने का प्रयास किया जा रहा है इस संदर्भ में सिहोरा के आस पास कृषि भूमि पर मुरुम डालकर अवैध कालोनियां का निर्माण कराया जा रहा है जिनका न ही डायर्बसन है और न ही टी.एन.सी.पी.ले आउट प्लाइन स्वीकृत है लोगों को प्लाटिंग के नाम पर धोखा दिया जा रहा है उक्त कालौनी अवैध होने के कारण नगर पालिका से न तो नक्शा पास होता और न ही बैंक इनको ऋष्ण देते है लोगों अपने आप को ठगा महसूस करते है दिनों दिन इन माफियों को खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्यवाही ही नहीं की जाती है । प्लाट विक्रेता के पास न तो किसी भी प्रकार का कालोनाईजन लाइंसेस है और न ही रेरा के तहत रजिस्ट्रेशन भी नहीं है । दिन प्रति दिन अवैध कालौनिया बनाई जा रही है इन पर अतिशीघ्र रोक लगाई जावे ।

### इन समस्याओं से जूझ रही जनता

ज्ञापन में आप ने जो जनता की मुख्य समस्याओं के बारे में प्रकाश डाला है उनमें आम जनता इन सुविधाओं से वंचित है - बिजली विभाग द्वारा कनेशन भी नहीं दिया जा रहा है लोग बहुत दूर से घरों में लकडी की बल्लियों के सहारे घर तक बिजली कनेशन ले रही है ।नगर पालिका का पानी भी नहीं मिल रहा है।माफियाओं द्वारा 10 फिट कही 20 फुट की सडक दी जा रही है जिसमें जल निकासी भी नहीं दी जा रही है ।

### ये रहे उपस्थित

ज्ञापन सौपते समय आम आदमी पार्टी से संतोष वर्मा , विधानसभा अध्यक्ष सिहोरा, संजय पाठक, मुन्ना राय,डी. आर.विजय, अमजत मंसूरी,राजू खान,जमुना प्रजापति,अखिलेश पटेल, राजेश डब्बल चौबे,छाया राय, सुनीता पटेल जितेंद श्रीवास, आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बाबा हरदेव सिंह की स्मृति में विशाल नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर



**जबलपुर।** संत निरंकारी मिशन द्वारा बाबा हरदेव सिंह जी की स्मृति में सम्पूर्ण भारतवर्ष में 100 के करीब निरंकारी सत्संग भवनों में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जबलपुर (म.प्र.) नेत्र जांच शिविर का उद्घाटन महात्मा हरिसिंह जी द्वारा किया गया। शिविर में सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कालेज के विशेषज्ञ डॉ. पदमिनी वरखेडे की टीम के साथ डॉ. अंशुल चावला, डॉ. श्वेता सिंह आदि नेत्र विशेषज्ञों ने अपना शिविर में भरपूर योगदान दिया। कुल 152 भाई बहनों ने शिविर में आकर जांच कराई जिसमें 75 व्यक्तियों को चश्मे का नम्बर दिया गया, तथा 25 व्यक्तियों को मोतियाबिंद के लोगों को आपरेशन के लिए नामांकित किया गया जोकि सरकारी अस्पताल मेडिकल कालेज में करवा सकते है। शेष 52 भाई बहनों का सामान्य चेकअप कर दवा वितरित की गई । मिशन के सेवादारों द्वारा आज के दिन 50,000 वृक्ष और लगाये जायेंगे जिसमें मानव कल्याण की भलाई के लिए बाबा हरदेव सिंह का यहीं दृष्टिकोण था कि प्रदूषण अंदर हो या बाहर, दोनों ही हानिकारक है।

# भारत ने श्रीलंका को 62 रन से हराकर लगातार 10वां टी-20 मैच जीता

भारत ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में लगातार 10वां मैच जीतकर पाकिस्तान को पीछे छोड़ दिया है। पाक टीम ने 2018 में लगातार नौ टी-20 मैच जीते थे। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में लगातार सबसे ज्यादा मैच जीतने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अफगानिस्तान के नाम पर दर्ज है। उसने 2018 से 2020 के बीच लगातार 12 मैच जीते थे। टेस्ट खेलने वाले देशों में यही तीन टीमें टॉप पर हैं। इसके अलावा रोमानिया ने भी 12 मैच जीते हैं। हालांकि, यह टीम टेस्ट नहीं खेलती।

### भारत की लगातार 10वीं टी-20 अंतरराष्ट्रीय जीत

भारत ने श्रीलंका को पहले टी-20 मैच में 62 रन के बड़े अंतर से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली है। रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया ने लखनऊ एकाना स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए 199 रन बनाए और इसके बाद मेहमान टीम को 137 रन के स्कोर पर रोक दिया।








# मेरी फोटो का दुरुपयोग दुखद



## सचिन बोले-कभी भी शराब, जुआ या तंबाकू का विज्ञापन नहीं किया

सचिन ने कहा है कि उन्होंने कभी भी तंबाकू, शराब या जुआ का समर्थन नहीं किया है। उनके फोटो का दुरुपयोग करके कसीनो का विज्ञापन करना गलत है। सचिन की टीम इस मामले पर कानूनी कार्रवाई भी करेगी। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर इन दिनों फर्जी विज्ञापन करने वाले लोगों से परेशान हैं। इन दिनों उनकी कुछ फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, जिनमें वे कसीनो का विज्ञापन करते नजर आ रहे हैं। सचिन ने इस मामले पर कहा है कि उन्होंने कभी भी ऐसा चीजों का समर्थन नहीं किया है और ये विज्ञापन फर्जी हैं। उनकी टीम यह विज्ञापन बनाने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी करेगी। सचिन ने कहा है कि उन्होंने व्यक्तिगत तौर पर कभी भी शराब, जुआ या तंबाकू का समर्थन नहीं किया है, लेकिन उनकी फोटो कादुरुपयोगकरनादुखद है।

### ट्वीट के जरिए दी सफाई

सचिन ने कसीनो के विज्ञापन पर सफाई देते हुए सचिन ने अपने ट्विटर अकाउंट पर लिखा मेरे संज्ञान में आया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई विज्ञापन दिखाए जा रहे हैं, जिनमें मॉर्फिंग के जरिए मेरा चेहरा कसीनो का विज्ञापन करते हुए दिखाया गया है। मैंने कभी भी व्यक्तिगत तौर पर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुआ, शराब और तंबाकू का विज्ञापन नहीं किया है। लोगों को भ्रमित करने के लिए मेरी तस्वीरों का इस्तेमाल हो रहा है। यह दुखद है। सचिन ने आगे बताया कि जब तक उनकी टीम इस मामले पर जरूरी कानूनी कार्रवाई कर रही है। तब तक उनके लिए सभी को यह जानकारी देना जरूरी था।




## ...ये तो शुतुरमुर्ग आउटफिट है करण जौहर के कपड़ों का फराह खान ने उड़ाया मजाक

करण जौहर बॉलीवुड के मशहूर फिल्म निर्माता हैं, जो अपनी फिल्मों को लेकर हमेशा चर्चा में रहते हैं। उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। लेकिन एक सच्चाई ये भी है कि करण अपने फैशन सेंस से भी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लेते हैं। करण जौहर अक्सर अतरंगी आउटफिट पहने हुए नजर आते हैं, जिसे देख लोग अपनी राय देने से पीछे नहीं रह पाते हैं। इस बार भी ऐसा ही हुआ है। करण ने अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें उन्होंने बेहद ही अतरंगी आउटफिट पहना है। इस पर फैंस ही नहीं बल्कि सेलेब्स भी अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इतना ही नहीं, फराह खान ने तो अपने दोस्त करण जौहर का मजाक भी उड़ाया है। हाल ही में करण जौहर ने गुच्ची के लिए एक फोटोशूट करवाया। इस फोटोशूट की तस्वीरें करण जौहर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इसमें करण कॉरिडोर मे खड़े हुए अलग-अलग अंदाज में पोज देते हुए दिख रहे हैं। इन तस्वीरो में करण ने फरी ऑफ व्हाइट कलर का कोट पहना हुआ है। इसके साथ उन्होंने ब्लैक शर्ट और ब्लैक जींस कैरी की है। इस लुक को और ज्यादा आकर्षित बनाने के लिए करण ने लाल कलर के जूते पहने हुए है और आंखों पर गॉगल लगाया है। करण जौहर की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों पर सेलेब्स से लेकर फैंस तक अपनी राय रख रहे हैं। फराह खान ने तो करण के आउटफिट को शुतुरमुर्ग (ऑस्ट्रिच) के कपड़े बता दिया है। फराह ने लिखा, 'यह शुतुरमुर्ग आउटफिट वीडियो शूट के लिए बना है। तुमने फोटोशूट करा लिया।' बता दें कि करण और फराह लंबे समय से दोस्त हैं और दोनों ही एक-दूसरे की टांग खींचने का एक भी मौका नहीं छोड़ते हैं।
हालांकि, कई सेलेब्स ने करण की तारीफ भी की है। एकता कपूर ने कमेंट में हार्ट इमोजी शेयर किए हैं। बी प्राक ने 'वाओ' लिखा है। इसके अलावा, एक यूजर ने लिखा है, 'आप जल्दी रणवीर सिंह बनने वाले हैं।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'भालू आया।'

# विश्व कप से पहले जीत की पटरी पर लौटी भारतीय टीम

### पांचवें वनडे में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराया



भारत और न्यूजीलैंड की महिला टीम के बीच वनडे सीरीज का आखिरी मैच टीम इंडिया ने छह विकेट से जीत लिया है। सीरीज के शुरुआती चार मैच हारने के साभ भारतीय टीम ने सीरीज भी गंवा दी थी, लेकिन आखिरी मैच जीतकर वर्ल्डकप से पहले अच्छे संकेत दिए हैं। भारत के लिए सबसे अच्छी बात यह है कि टीम की सबसे अहम खिलाड़ी स्मृति मंधाना और हरमनप्रीत कौर फॉर्म में लौटे चुकी हैं। टीम इंडिया की जीत के लिए इन दोनों खिलाड़ियों का अच्छा प्रदर्शन बेहद जरूरी है।
पांचवें वनडे मैच में न्यूजीलैंड ने भारत के सामने 252 रन का लक्ष्य रखा था। टीम इंडिया ने चार विकेट खोकर 46 ओवरों में ही लक्ष्य का पीछा कर लिया। न्यूजीलैंड के इस दौरे पर यह भारत की एकमात्र जीत है।

### स्पिन गेंदबाजों का अच्छा प्रदर्शन

इस मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। कीवी टीम को ठीक-ठाक शुरुआत मिली थी। शुरुआती 10 ओवरों में न्यूजीलैंड एक विकेट गंवाकर 49 रन बना चुका था। इसके बाद भारत के स्पिन गेंदबाजों ने कंजूसी के साथ गेंदबाजी की और समय-समयय पर विकेट भी निकाले। इससे न्यूजीलैंड की टीम बड़ी साझेदारी नहीं बना पाई और 50 ओवरों में नौ विकेट खोकर 251 रन का स्कोर खड़ा किया। न्यूजीलैंड के लिए अमेलिया केर ने सबसे ज्यादा 66 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान सोफी डिवाइन ने 34, लॉरेन और जेन्सन ने 30-30 रन बनाए थे। भारत के लिए गायकवाड़, दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा ने दो-दो विकेट लिए। वहीं पूनम यादव और मेघना सिंह को एक-एक विकेट मिला।



### मंधाना और हरमन ने दिलाई जीत

252 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत कुछ खास नहीं रही थी और 29 रन पर पहला विकेट गिर चुका था। इसके बाद स्मृति मंधाना और दीप्ती शर्मा ने शतकीय साझेदारी कर भारत की जीत की नींव रखी। मंधाना 84 गेंद पर 71 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं शर्मा ने 41 गेंद पर 21 रन बनाए। इसके बाद हरमनप्रीत कौर ने 66 गेंद में 63 और कप्तान मिताली राज ने 66 गेंद पर 57 रन की बेहतरीन पारी खेलकर भारत को जीत के पार पहुंचा दिया। अंत में ऋचा घोष ने आठ गेंद में सात रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए अमेलिका केर सहित चार गेंदबाजों ने एक-एक विकेट लिए, लेकिन भारतीय टीम को जीत से नहीं रोक पाईं।

### विश्व कप में पाकिस्तान से भिड़ेगा भारत

महिला विश्व कप में भारत का पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ है। छह मार्च को होने वाले इस मैच से टीम इंडिया अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद मेजबान न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमों के खिलाफ मुकाबले होंगे। पिछले विश्व कप में भारतीय टीम फाइनल मैच में हार गई थी, लेकिन इस बार जीत दर्ज करके ही वापस लौटना चाहेगी।




# मॉमी ट्रेनिंग

## काजल अग्रवाल ने लाल साड़ी में फ्लॉन्ट किया बेबी बम्प

साउथ एक्ट्रेस काजल अग्रवाल मां बनने वाली हैं। वे इनदिनों अपनी प्रेग्नेंसी को एंजॉय कर रही हैं। काजल आए दिन अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। एक बार फिर अभिनेत्री ने प्रेग्नेंसी को लेकर अपनी एक खूबसूरत तस्वीर साझा की है। उनकी इस तस्वीर पर फैंस प्यार लुटा रहे हैं। काजल अग्रवाल ने अपने इंस्टाग्राम पर लाल साड़ी में अपनी फोटो शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वो बहुत खूबसूरत लग रही हैं। उन्होंने तस्वीर के नीचे कैप्शन दिया है मॉमी ट्रेनिंग। काजल ने कैप्शन के जरिए अपने मां बनने के खूबसूरत एहसास और डर को साझा किया है। काजल अग्रवाल ने लिखा कि उन शक्तियों के बारे में सीख रही हूं, जिन्हें मैं नहीं जानती थी। साथ ही मैं डरों से निपटना सीख रही हूं। काजल के इस पोस्ट के नीचे उनके फैंस उनकी तारीफ कर रहे हैं। इससे पहले काजल ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी गोदभराई की तस्वीरें भी शेयर की थी। इन तस्वीरों में वह अपने पति गौतम किचलू और परिवार के संग अपनी गोद भराई की सेरेमनी को एंजॉय करती नजर आ रही हैं। वहीं उन्होंने पति गौतम किचलू के साथ एक प्यारी सी तस्वीर भी साझा की, जिसमें काजल अपने पति को पीछे से पकड़े हुए दिखाई दे रही हैं। तस्वीर के लिए पोज देते हुए दोनों मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। बॉलीवुड में भी अपने अभिनय का परचम लहरा चुकी काजल अग्रवाल को लेडी सिंघम कहा जाता है। काजल रियल लाइफ में भी ठाठ-बाट से रहती है। अभिनेत्री का मुंबई में करोड़ों का आलीशान घर है। काजल मुंबई की ही रहने वाली हैं। बॉलीवुड में भले ही वो कम फिल्में में नजर आईं हो लेकिन काजल अग्रवाल साउथ की टॉप हिरोइनों में शामिल हैं। कहा जाता है कि वो अपनी एक फिल्म के लिए एक से दो करोड़ रुपए फीस लेती हैं। काजल का जन्म 19 जून 1985 को मुंबई में हुआ था। उन्होंने मास मीडिया में डिग्री ली है। काजल ने %क्यूं हो गया ना% से फिल्म में डेब्यू किया था। काजल के पिता विनय अग्रवाल एक बिजनेसमैन हैं। काजल अग्रवाल ने फिल्म दृश्यम में काम किया था। इस फिल्म में उनकी एक्टिंग की खूब तारीफ हुई थी। इसके अलावा काजल स्पेशल 26 और %सिंघम% में भी नजर आ चुकी हैं। बता दें कि काजल अग्रवाल ने अक्टूबर 2020 में गौतम किचलू से शादी की थी। दोनों की शादी मुंबई में हुई थी। दोनों ने कोरोना प्रतिबंधों के तहत सात फेरे लिए थे। इस शादी समारोह में कुछ करीबी दोस्त और परिवार के लोग ही मौजूद थे।

# 'द गॉडफादर' के 50 साल पूरे होने पर रखा प्रीमियर




हॉलीवुड की फिल्मों को पसंद करने वाले दर्शकों ने 'द गॉडफादर' फिल्म का नाम जरूर सुना होगा और ये फिल्म दर्शकों ने देखी भी होगी। ये फिल्म साल 1972 में रिलीज हुई थी। फिल्म में क्राइम और थ्रिलर कूट-कूटकर परोसा गया था, जिसने उस समय में सिनेमाघरों में धूम मचा दी थी। इस फिल्म को रिलीज हुए पूरे 50 साल हो गए हैं। इस मौके पर लॉस एंजेलिस के पैरामांउट थिएटर में फिल्म का प्रीमियर आयोजित किया गया, जिसमें इस शानदार फिल्म के निर्देशक फ्रांसिस फोर्ड कोपोला शामिल हुए। इस मौके पर एक्ट्रेस डाएन कीटन और मार्लन ब्रैंडो भी नजर आए। हर किसी ने फिल्म से जुड़ी कई बातें कीं। 'द गॉडफादर' अपने समय की सबसे शानदार फिल्मों मे से एक मानी जाती है। लेकिन आज के दर्शक भी क्राइम और थ्रिलर से भरी हुई फिल्मों में खूब पसंद करते हैं। ऐसे में फिल्म के 50 साल पूरे होने पर 'द गॉडफादर' को फिर से थिएटर में उतारने का फैसला लिया गया है। ये फिल्म इस हफ्ते 25 फरवरी यानी शुक्रवार को कुछ चुनिंदा सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जो दर्शकों के लिए किसी बड़ी गुड न्यूज से कम नहीं है। 'द गॉडफादर' फिल्म मारियो पुजो के उपन्यास 'द गॉडफादर' पर आधारित है। ये फिल्म शक्तिशाली इटालियन अमेरिकन परिवार पर केंद्रित है, जो अपराध से जुड़े होते हैं। फिल्म में डॉन की भूमिका मार्लन ब्रैंडो निभाते हैं, जिनके बेटे की भूमिका में अल पचिनो होते हैं। अल पचिनो भी फिल्म में एक माफिया में जाकर शामिल हो जाते हैं। इसी तरह फिल्म की कहानी आगे बढ़ती है, जिसमें खूब क्राइम और थ्रिलर होता है। इस फिल्म के तीन पार्ट रिलीज हुए थे। फिल्म को संयुक्त राज्य अमेरिका की राष्ट्रीय फिल्म रजिस्ट्री के लिए चना गया था।



## जेनिफर लॉरेंस और कुक मारोनी के घर गूंजी किलकारियां

हॉलीवुड इंडस्ट्री में अभिनेत्री जेनिफर लॉरेंस एक जाना-माना नाम हैं। वह अपने एक्शन सीन्स और एक्टिंग टैंलेट के बल पर हॉलीवुड इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। अब अभिनेत्री ने अपने निजी जीवन में एक नए रोल में कदम रखा है। जेनिफर और उनके पति कुक मारोनी ने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया है। जेनिफर ने प्रेग्नेंट होने की पुष्टि पिछले साल सितंबर में की थी। पब्लिक रिपोर्ट्स की मानें तो इस ऑस्कर विनिंग एक्ट्रेस ने लॉस एंजेलिस में अपने पहले बच्चे को जन्म दिया है। अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि बच्चा लड़का है या लड़की। एक फैन ने ट्विटर पर एक जीआइएफ शेयर कर इस खबर पर प्रतिक्रिया दी और लिखा, 卐जेनिफर लॉरेंस अब मां बन गई हैं। जेनिफर लॉरेंस ने कुक मारोनी से साल 2019 अक्टूबर में शादी की थी। कुक मारोनी आर्ट गैलरी के मालिक हैं। पेज सिक्स ने जून 2018 में जेनिफर और कुक के रिश्ते पर मुहर लगाई थी। इन दोनों का यह पहला बच्चा है।

## ऋतिक रोशन ने कथित गर्लफ्रेंड सबा आजाद संग केरल के खाने का उठाया लुत्फ




बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ की वजह से चर्चा में बने हुए हैं। ऋतिक रोशन का नाम अभिनेत्री सबा आजाद के साथ जुड़ रहा है। दावा किया जा रहा है कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं और इसकी वजह दोनों की बढ़ती नजदीकियां हैं। सबा और ऋतिक को पहली बार साथ में डिनर डेट पर स्पॉट किया गया था। इसके बाद रविवार को सबा ने ऋतिक रोशन और उनके परिवार के साथ लंच किया था। इस मौके की कुछ तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। ऋतिक और सबा की इन तस्वीरों को नायर ऑन फायर के जरिए सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है, जो एक होम स्टाइल केरल कुजिन कैटरिंग सर्विस है। इन तस्वीरों में दोनों काफी खुश नजर आ रहे हैं, जिससे साफ है कि उन्होंने अपने खाने को खूब पसंद किया है। होम स्टाइल केरल कुजिन कैटरिंग ने सबा और ऋतिक के लिए स्पेशल खाना बनाया था। तस्वीरों में ऋतिक रोशन दो महिलाओं के साथ पोज देते हुए दिख रही हैं और सबा भी तस्वीर में उन्हीं दो महिलाओं को साथ दिख रही हैं। इस दौरान ऋतिक रोशन ने व्हाइट टी-शर्ट और पैंट पहन रखी है। वहीं, सबा व्हाइट टॉप और ग्रीन कलर की हाई वैस्ट पैंट में काफी सुंदर लग रही हैं। सबा आजाद ने कैटरिंग सर्विस के इस पोस्ट पर कमेंट कर उन्हें शुक्रिया अदा किया है। सबा ने लिखा, 'आप लोगों ने हमारा रविवार बना दिया, आपका भला हो। इसके साथ ही सबा ने दिल के इमोजी भी बनाए हैं। सबा आजाद ने केरल के खाने के लिए कैटरिंग सर्विस को धन्यवाद दिया। ऋतिक रोशन के परिवार के साथ सबा आजाद- इससे पहले ऋतिक रोशन के चाचा राजेश रोशन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की थी। इस फोटो में सबा रविवार को ऋतिक की फैमली के साथ लंच करती नजर आई थीं। शेयर की गई इस तस्वीर में परिवार के साथ सबा और ऋतिक भी नजर आ रहे हैं। फोटो के साथ राजेश ने कैप्शन में लिखा, खुशियां हमेशा आपके आसपास होती हैं। खासकर रविवार के दिन......स्पेशली लंच टाइम पर।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

"हर युवा छुएगा आसमान
स्वरोजगार से बढ़ेगा सम्मान"

आत्मनिर्भर भारत

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश


श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# रोजगार दिवस


श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

## 5 लाख से अधिक युवाओं को ऋण स्वीकृति एवं वितरण द्वारा

# स्वरोजगार से जोड़ने की पहल एवं मुख्यमंत्री जी से संवाद

मुख्य अतिथि
**श्री शिवराज सिंह चौहान**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

अध्यक्षता
**श्री ओमप्रकाश सखलेचा**
मंत्री
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम एवं
विज्ञान और प्रौद्योगिकी
मध्यप्रदेश शासन

विशिष्ट अतिथि
**श्री रामखेलावन पटेल**
राज्यमंत्री
पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण (स्वतंत्र प्रभार),
विमुक्त घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़
जनजाति कल्याण विभाग (स्वतंत्र प्रभार),
पंचायत और ग्रामीण विकास, मध्यप्रदेश शासन
एवं जिले के प्रभारी मंत्री

**25 फरवरी 2022, अपराह्न 01.00 बजे**

**पॉलिटेक्निक ग्राउंड, शहडोल**

सभी जिला मुख्यालयों पर
रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन

MSME

## सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग

#EmploymentinMP

D-11134

सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
DDMP व क्षेत्रीय चैनल्स
आकाशवाणी के सभी केंद्रों से ग्री-लाइव
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP